འཇིག་རྟེན་ལས་འདས་མ་འདས་ཀྱི་ཆོས་གང་ལ་ཡང་རང་བཞིན་གྱིས་གྲུབ་པའི་སྐྱེ་འཇིག་མེད་ལ། འཇིག་རྟེན་གྱི་དཔེར་བྱ་བ་ཀུན་ལས་འདས་པ་དང་། སྒྲ་རྟོག་དང་ངག་རིག་གི་སྤྱོད་ཡུལ་ལས་ཡོངས་སུ་འདས་པའི་དོན་དམ་གཤིས་ལུགས་ཀྱི་ངང་ཚུལ་གང་ལ་ཇི་ལྟར་བསྟོད་པར་བྱ་སྙེ་བསྟོད་པར་བྱར་མེད་མོད། དེ་ལྟ་ན་ཡང་གཤིས་ལུགས་དེ་དང་འདྲ་བའི་དོན་ནམ་གནས་ལུགས་དེ་བཞིན་ཉིད་ཀྱི་དོན་སྤྱོད་ཡུལ་དུ་བྱེད་པའི་འཕགས་པ་ཀླུའི་མཁྱེན་པའི་ཡེ་ཤེས། འཇིག་རྟེན་

ན་ཇི་ལྟར་གྲགས་ཤིང་གྲུབ་པའི་རྟེན་འབྱུང་ཚད་མས་ཐ་སྙད་ཇི་ལྟར་བཏགས་ཤིང་བརྗོད་པའི་ཚུལ་ལ་གནས་ནས། ཀླུ་སྒྲུབ་བདག་གིས་སློ་གསུམ་གུས་པ་ཆེན་པོས་དོན་དམ་གཤིས་ལུགས་ཀྱི་ངང་ཅན་དེ་ལ་བསྟོད་པར་བྱའོ་ཞེས་གླིང་བསླང་ནས། རྟེན་འབྱུང་གང་ལ་སྐྱེ་འགག་དང་། རྟག་ཆད་དང་། རྟག་མི་རྟག་དང་། ཁ་དོག་འདྲ་མིན་དང་། ཆེ་ཆུང་རིང་ཐུང་གི་ཚད་སོགས་གང་དུ་མཆིས་པའི་རྟེན་འབྱུང་དེ་ཁྱད་གཞིར་བཟུང་ནས། སྟོན་པ་བླ་ན་མེད་པའི་ཐུགས་རྒྱུད་ཀྱི་མཉམ་བཞག་ཟག་མེད་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་མཐར་ཐུག་པའི་ཡུལ་གྱི་རང་བཞིན་ལ་ལྟོས་ནས་སྐྱེ་འགག་སོགས་མེད་པ་དེའི་ཁྱད་པར་གྱི་ཆོས་སུ་སྦྱར་བའི་སློ་ནས་ཡེ་ཤེས་དེའི་ཡུལ་གྱི་རང་བཞིན་གྱི་དབང་དུ་བྱས་ནས་ཐུབ་པའི་དབང་པོ་ཁྱོད་ལ་བྱོན་པ་དང་གཤེགས་པ་མི་མངའ་ཞིང་། དེ་བཞིན་དུ་དངོས་པོ་དངོས་མེད་དང་། རྟག་ཆད་དང་། རྟག་མི་རྟག་སོགས་ཀྱི་གཉིས་ཆོས་ཀྱི་ཚུལ་དག་མི་མངའ་བ་དང་། དམར་དང་ལྗང་སོགས་རྩ་བ་དང་ཡན་ལག་གི་ཁ་དོག་གི་སྦྱོས་པའི་མཚན་མའི་རྣམ་པར་མེད་པ་དང་། ཆེ་ཆུང་དང་རིང་ཐུང་སོགས་ཀྱི་ཚད་ཀྱི་རྣམ་པ་མི་མངའ་བ་དང་། གནམ་ས་དང་། འདུས་བྱས་མ་བྱས་ཀྱི་ཆོས་དང་། འཁོར་འདས་སོགས་སུ་གནས་པ་རྣམས་མི་མངའ་བ་ཡིན་ནོ། ། སྤྱིར་འདི་དག་ཐ་སྙད་དུ་ཡོད་པས་ཁྱད་པར་གྱི་ཚིག་མ་སྦྱར་བར་དགག་མི་ནུས་པ་དང་། གང་སྦྱར་རྒྱུའི་ཁྱད་པར་གྱི་ཚིག་ནི་དབུ་མ་ཚིག་གསལ་གྱི་དགོངས་པ་རྗེའི་རྩ་ཤེ་ཊཱིཀ་ཆེན་དུ་གསལ་བར་མཛད་པ་དང་མཐུན་པར་བྱས་སོ། །

ཆོས་ཀྱི་དབྱིངས་ཀྱི་གཤིས་ལུགས་དངོས་ལས་མ་གཡོས་ཤིང་། ཆེས་མཆོག་ཏུ་ཟབ་པའི་ཆོས་ཀྱི་སྐུ་ལ་མངའ་བརྙེས་པའི་མགོན་པོ་ཁྱོད་ལ་སྒོ་གསུམ་གུས་པས་ཕྱག་འཚལ་ཞིང་འདུད་པ་དང་སྐྱབས། ཟག་མེད་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་ཡུལ་གྱི་རང་བཞིན་ཟབ་མོ་དོན་དམ་པའི་ཚུལ་དེ་འདྲ་བའི་བསྟོད་པས་ཁྱོད་ལ་བསྟོད་པར་བགྱི་བའམ་ཡང་ན་སྟེ། དེ་ལས་གཞན་དུ་གཉིས་སྣང་ཅན་གྱི་བློས་རང་ངོས་ནས་གྲུབ་པའི་ཚུལ་དུ་ཅི་ཞིག་བསྟོད་པར་བྱར་ཡོད་དེ་མེད་དོ། །ཆོས་ཐམས་ཅད་རང་ངོས་ནས་གྲུབ་པས་ཡོངས་སུ་སྟོང་པ་ཡིན་པས། ངོ་བོ་ཉིད་ཀྱིས་གྲུབ་པའི་སྒོ་ནས་བླ་ན་མེད་པའི་བསྟོད་ཡུལ་གང་ལ་དད་འདུན་ཅན་གྱི་བསྟོད་པ་པོ་གང་ཞིག་གིས་ཚུལ་ཇི་ལྟར་བསྟོད་པར་བྱར་ཡོད་དེ་མེད་དོ། དེ་ཇི་ལྟར་མེད་ཚུལ་ནི། ངོ་བོ་གྲུབ་པའི་སྐྱེ་འཇིག་རྣམ་པར་སྤངས་ཤིང་། མཐའ་དབུས་དང་། གཟུང་འཛིན་དང་། ཕྱོན་བཞུད་སོགས་བྲལ་བས་སོ། །ཡང་ན་དབུ་མ་ཚིག་གསལ་གྱི་དགོངས་པ་ལྟར་མཉམ་བཞག་ཟག་མེད་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་ཡུལ་གྱི་རང་བཞིན་ལ་ལྟོས་ནས་དེ་དག་མེད་པས་མ་རིག་པའི་རབ་རིབ་ཀྱིས་བློ་གྲོས་ཀྱི་མིག་ཉམས་པ་དག་གིས་ཇི་ལྟ་བ་བཞིན་བསྟོད་པར་ནུས་ཏེ་མི་ནུས་པའི་ཕྱིར་རོ། །

གནས་ལུགས་ཟབ་མོའི་དོན་ཇི་ལྟ་བ་བཞིན་མཁྱེན་ཅིང་གཟིགས་པའི་གཟིགས་པ་དྲི་མ་མེད་པའི་སྤྱན་དང་ལྡན་པའི་འཕགས་པ་ཀླུ་སྒྲུབ་ཀྱིས་དོན་དམ་གཤིས་ལུགས་ལས་བརྩམས་ཏེ་བདེ་བར་གཤེགས་པ་ལ་བསྟོད་པའི་བསོད་ནམས་དང་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་ཚོར་ལ་བརྟེན་ནས། མ་རིག་པའི་རབ་རིབ་ཀྱིས་བློ་གྲོས་ཀྱི་མིག་ཉམས་པའི་འགྲོ་བ་རྣམས་དེ་ཁོ་ན་ཉིད་ཀྱི་ཚུལ་རྟོགས་ནས་བདེ་བར་གཤེར་པའི་

གནས་སུ་འགྲོ་བར་ཤོག་ཅེས་ཐུགས་སྨོན་མཛད་པའི་སྒོ་ནས་བསྟོད་པའི་མཇུག་
བསྡུ་བར་མཛད་དོ།། །།

སརྦམངྒལམ།

पुण्याविपाकु सुख सर्वदुःखापनेती
अभिप्रायु सिध्यति च पुण्यवतो नरस्य।
क्षिप्रं च बोधि स्पृसते विनिहत्य मारं
शान्तामथो गच्छति च विर्वृति शीतिभावं।।

(ललितविस्तर-परि० २२, पृ० ६६९)

བསོད་ནམས་རྣམ་སྨིན་བདེ་སྟེར་སྡུག་བསྔལ་ཐམས་ཅད་སེལ།།
བསོད་ནམས་ལྡན་པའི་མི་ཡི་བསམ་པ་རྣམས་ཀྱང་འགྲུབ།།
བདུད་བཅོམ་ནས་ནི་བྱང་ཆུབ་མྱུར་དུ་རེག་པར་འགྱུར།།
མྱ་ངན་འདས་པ་ཞི་བ་བསིལ་བའི་དངོས་པོ་ཐོབ།།

(མདོ་རྒྱ་ཆེར་རོལ་པ། མདོ། 'ཁ' ༡༧༡)

भूमिका

ओं नमः श्रीसर्वबुद्धबोधिसत्त्वेभ्यः।

जैसा कहा गया है—

सर्वदा सर्वथा सर्वे यस्य दोषा न सन्ति ह ।
सर्वे सर्वाभिसारेण यत्र चावस्थिता गुणाः ।।

तमेव शरणं गन्तुं तं स्तोतुं तमुपासितुम् ।
तस्यैव शासने स्थातुं न्याय्यं यद्यस्ति चेतना[१] ।।

[अर्थात् जिस (शास्ता) में सभी दोष सदा सर्वथा नहीं रहते और जिसमें सभी गुण सदा और सर्वथा विद्यमान होते हैं, अत: जिस (व्यक्ति) में (प्रज्ञारूपी) चेतना विद्यमान है, उसके लिए उसी (शास्ता) की शरण में जाना, उसी की स्तुति एवं उपासना करना तथा उसी के शासन (धर्म) में स्थित रहना युक्तियुक्त है।]

उसी प्रकार देवातिशयस्तुति में कहा गया है—

यस्य दोषा न विद्यन्ते विद्यन्ते चामिता गुणाः ।
सर्वज्ञश्च कृपालुश्च तमहं शरणं गतः[२] ।।

[अर्थात् जिसमें किसी प्रकार के दोष नहीं हैं और सभी प्रकार के अपरिमित गुण विद्यमान हैं, जो सर्वज्ञ और महाकृपालु हैं, उनकी शरण में जाता हूँ।]

इन अमृतरूपी वचनों के अनुसार पूज्य एवं स्तुत्य जनों में परम विशिष्ट एवं सर्वोत्कृष्ट जिन-वज्रधर से अभिन्न गुरु, इष्टदेव, बुद्ध-बोधिसत्त्व, अर्हत् आदि तथा उन सबके काय, वाक्, चित्त एवं कर्म सहित अचिन्त्य त्रिगुह्य रूपी जो गुण हैं, वे साधारण जनों के चिन्तन (मनस्) एवं वाक् (स्तुति) के अगोचर हैं। आचार्य नागार्जुन ने इस तात्त्विक वस्तुस्थिति को यथावत् जानकर अपने स्तोत्रगण में तुल्य (उपमायोग्य) निदर्शन उपलब्ध न होने के कारण 'निरौपम्यस्तव' की

---

१. आर्यमातृचेट विरचित 'अध्यर्धशतक' स्तोत्र, १-२ कारिका। द्र०-बौद्धस्तोत्रसंग्रह, मोतीलाल-बनारसीदास, १९९४ ।

२. आचार्य शंकरस्वामि विरचित 'देवातिशयस्तुति' श्लो० २०, पण्डित सेरिस-१, पृ० २० ।

रचना की। उसी प्रकार सर्वसामान्य लौकिक स्थिति से अतीत होने के कारण 'लोकातीतस्तव', जिससे उत्तर (विशिष्ट) किसी अन्य के न होने के कारण 'निरुत्तरस्तव', जिन (बुद्ध) के गुणों और कर्मों के अचिन्त्य और अनभिलाप्य होने के कारण 'अचिन्त्यस्तव', शब्द और कल्पना के विषय से अतिक्रान्त होने के कारण 'स्तुत्यतीतस्तव' तथा यथावत् वस्तुस्थिति में विद्यमान होने के कारण 'परमार्थस्तव' आदि अनेक अद्भुत स्तुतियों की रचना की है।

उक्त पूजास्थानीय उत्तम गुणों को देखकर आचार्य अश्वघोष ने भी 'वर्णार्हवर्ण बुद्धस्तोत्र' के अन्तर्गत अशक्यस्तव, मूर्धाभिषेकस्तव आदि द्वादश स्तवों की रचना की है। इसी तरह अध्यर्धशतक के अन्तर्गत हेतुस्तव आदि त्रयोदश स्तव तथा इसी को आधार बनाकर आचार्य दिङ्नाग ने मिश्रकस्तोत्र की रचना की है। इस प्रकार भारतीय विद्वानों ने अनेक स्तोत्रों की रचना की है, जो अलंकार आदि उत्तम काव्यगुणों से गुम्फित हैं। इस तरह की स्तुतियों के जो गम्भीर अभिधेय हैं, उन्हें उत्तम शब्दालंकार और अर्थालंकारों से सुसम्पन्न काव्यशैली में आबद्ध कर वाक्य-रचना के माध्यम द्वारा पूजास्थानीय महापुरुषों के प्रति श्रद्धा, प्रसाद एवं उत्साह के साथ स्तुति एवं सत्कार रूपी शतसहस्रपत्रनिर्मित माला के रूप में दश दिशाओं में यथेष्ट फैलाया जा सकता है। वह भी, व्यावहारिक प्रतीत्यसमुत्पाद के अतिविशाल मार्ग पर आश्रित होकर यथेच्छ स्तुति की जा सकती है—इसमें किसी प्रकार की रुकावट नहीं है।

यदि ऐसा है तो आचार्य नागार्जुन ने अपने परमार्थस्तव और आर्यमञ्जुश्री-परमार्थस्तव में जो यह कहा गया है—

शून्येषु सर्वधर्मेषु कः स्तुतः केन वा स्तुतः[१] ।

[अर्थात् सभी धर्मों के शून्य होने के कारण कौन स्तुत होता है और किसके द्वारा स्तुति की गई है।] इसी तरह पुनः वहीं कहा गया है—

कथं स्तोष्यामि तं नाथमनुत्पन्नमनालयम् ।
लोकोपमामतिक्रान्तं वाक्पथातीतगोचरम्[२] ।।

---

१. द्र०-परमार्थस्तवः, का०-९ ।

२. द्र०-वही, का०-१ ।

[अर्थात् जो अनुत्पन्न, अनालय (आसक्तिरहित) और समस्त लौकिक उपमाओं से अतिक्रान्त (ऊपर) याने अनुपम है तथा जो वाक्पथ (अभिधान) का अगोचर (अविषय) है, उस नाथ (भगवान् बुद्ध) की मैं कैसे स्तुति (गुणाख्यान) करूँगा?]

इन उपर्युक्त कथनों की वज़ह से स्तुतिमाला को कैसे यथेष्ट फैलाया जा सकता है?

समाधान—समस्त धर्मों के परमार्थतः पूर्णतया शून्य होने पर भी वे अत्यन्त अभावभूत न होकर प्रतीत्यसमुत्पन्न के रूप में विद्यमान हैं, अतः स्तुतियोग्य क्षेत्रों अर्थात् पूजायोग्य महापुरुषों की श्रद्धावान् विद्वानों द्वारा सत्कारपूर्वक स्तुति की जा सकती है। यह सारी व्यवस्था भ्रान्तिमूलक परमत के आधार पर नहीं, अपितु स्वमत के अनुसार समुचित ढंग से स्थापित करने में कोई बाधा या रुकावट नहीं है। जैसा कि स्वयं आचार्य द्वारा विरचित उक्त ग्रन्थों में कहा गया है—

तथापि यादृशो वाऽसि तथतार्थेषु गोचरः ।
लोकप्रज्ञप्तिमागम्य स्तोष्येऽहं भक्तितो गुरुम्[१] ।।

[अर्थात् आप जैसे भी हों, यद्यपि तथता के अर्थ (परमार्थ) में ही गोचर हैं, फिर भी लोक-व्यवहार का आश्रय करके भक्ति (श्रद्धा)पूर्वक मैं गुरु (भगवान् बुद्ध) की स्तुति करूँगा।]

उसी प्रकार स्तुत्यतीतस्तव में भी कहा गया है—

अनुत्तरमार्गगतं स्तुत्यतीतं तथागतम् ।
भक्त्योत्सुकेन चित्तेन स्तुत्यतीतं स्तवीम्यहम्[२] ।।

[अर्थात् अनुत्तरमार्ग में प्रविष्ट (आरूढ़) तथागत (आप) यद्यपि स्तुत्यतीत (वाग्-अगोचर) हैं, तथापि भक्ति (श्रद्धा) और कुशलोत्साह से सम्पन्न चित्त के द्वारा मैं स्तुत्यतीत आपकी स्तुति करता हूँ।]

---

१. द्र०-परमार्थस्तवः का०-२ ।

२. द्र०-स्तुत्यतीतस्तव, का०-१, पृ० ७०१, इण्डियन हिस्टॉरिकल क्वार्टरली, वाल्यूम-८ ।

उपर्युक्त वचनों के आधार पर समस्त धर्मों के स्वभावतः शून्य होने पर भी व्यवहार में स्तुति, सत्कार आदि की सारी व्यवस्था समुचित ढंग से स्थापित की जा सकती है।

कुछ लोग इसे न मानकर स्वभावतः शून्यता का अर्थ अत्यन्ताभाव के रूप में ग्रहण कर उस (शून्यता पक्ष) में संक्लेश और व्यवदान की सारी व्यवस्था अयुक्त मानते हैं। ऐसे माननेवालों में कुछ लोग तो स्वयं को माध्यमिक कहते हैं, फिर भी वास्तव में वे वस्तुवादियों के मत में पतित होते हुए प्रतीत होते हैं। ऐसे लोगों के मत को दिखलाते हुए मूलमाध्यमिककारिका में कहा गया है—

यदि शून्यमिदं सर्वमुदयो नास्ति न व्ययः ।
चतुर्णामार्यसत्यानामभावस्ते प्रसज्यते[१] ।।

[अर्थात् यदि सभी धर्म शून्य हैं तो न उदय (उत्पाद) होगा और न व्यय (विनाश)। इस तरह आपके मत में चार आर्य सत्यों के भी अभाव का प्रसङ्ग होगा।]

इस तरह वे लोग माध्यमिकों की सम्यग्दृष्टि से दूर हो जाएँगे और अन्तर्विरोध के सागर में निमग्न हो जाएँगे। संक्षेप में निःस्वभावता के पक्ष में स्तुत और स्तुतिकर्ता आदि की सारी व्यवस्था का युक्तियुक्त ढंग से सुव्यस्थित होना आचार्य ने स्वयं मूलमाध्यमिककारिका में कहा है—

सर्वं च युज्यते तस्य शून्यता यस्य युज्यते[२] ।

[अर्थात् जिसके मत में शून्यता युक्ति-युक्त (सिद्ध) होती है, उसके मत में सभी (व्यवस्थाएँ) युक्तियुक्त सिद्ध होती हैं ।]

अपि च—

अप्रतीत्यसमुत्पन्नो धर्मः कश्चिन्न विद्यते ।
यस्मात्तस्मादशून्यो हि धर्मः कश्चिन्न विद्यते[३] ।।

---

१. द्र०-मूलमाध्यमिककारिका, नागार्जुनकृता, २४:१ कारिका।

२. वही, २४:१४ कारिका।

३. वही, २४:१९ कारिका।

[अर्थात् यत: कोई भी धर्म अप्रतीत्यसमुत्पन्न नहीं होता, अत: कोई भी धर्म अशून्य नहीं होता। (अर्थात् प्रतीत्यसमुत्पन्न होने से सभी धर्म शून्य होते हैं)।]

इस प्रकार बुद्धशासन में द्वितीय शास्ता के रूप में विख्यात उस प्रामाणिक पुरुष (नागार्जुन) के मुखमण्डल से समुद्गत ये वचन किसी भी वादी द्वारा धर्मानुकूल अकाट्य हैं। अत: इस तथ्य पर प्रामाणिक रूप से निश्चय प्राप्त कर लेना चाहिए।

आर्य एवं भोट देश के विद्वानों द्वारा स्तुतिरचना-प्रक्रिया की समीक्षा

आर्यदेश और भोट देश के विद्वानों द्वारा पूजनीय क्षेत्रों (पुद्गलों) के अद्भुत गुणों के आधार पर की गई स्तुतियों के अनेक प्रकार हैं। उदाहरणार्थ सामान्य और विशेष का भेद किये बिना सभी गुणों का आख्यान करते हुए सामान्यतया स्तुति करना, विशिष्ट क्षेत्र या गुण के आधार पर विशेषतया स्तुति करना, प्रत्येक स्तुति का अलङ्कार से अलङ्कृत होते हुए काव्यबद्ध होना या न होना आदि अनेक प्रकार विद्यमान हैं।

आर्य देश के अत्यन्त संवेदनशील, ईमानदार और तर्कनिपुण विद्वान् आचार्य उद्भटसिद्ध एवं आचार्य शङ्करस्वामी ने क्रमश: विशेषस्तव एवं देवातिशयस्तोत्र की रचना की है। आचार्य प्रज्ञाकर वर्मा ने इन दोनों पर टीका लिखी है। इस प्रकार श्री हर्षदेव ने सुप्रभातस्तोत्र की रचना की है। इन ग्रन्थों में भगवान् तथागत की स्तुति करते समय अपने शास्ता और शासन की बौद्धेतर शास्ताओं और शासन के साथ तुलना करते हुए उत्तम और हीन का मौलिक अन्तर (भेद) करके स्तुति की गई है। वह भी पुराकालिक पुराणेतिहास के वृत्तान्तों को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करते हुए सम्यग् युक्तियों के आधार पर प्रामाणिक शास्ता के प्रति अवेत्यप्रसाद से युक्त होकर अद्भुत स्तुति की गई है। यह निश्चत रूप से स्तुतियों में अत्युत्तम है।

तनग्युर-संग्रह में उपलब्ध अधिकतर स्तुतियों में इस प्रकार उत्तम और हीन का विभाजन नहीं किया गया है, फिर भी अपने शास्ता भगवान् बुद्ध और उनके शासन के प्रति अवेत्यप्रसाद और प्रमाण द्वारा आनीत दृढ़ निश्चय से प्रेरित होकर स्तुति करना प्रमुख है। इनमें से अनेक स्तुतियाँ नि:सन्देह अलङ्कार एवं रस से समन्वित, काव्यबद्ध, प्राञ्जल वाक्यरचना से युक्त तथा अद्वितीय एवं अद्भुत

वाक्-श्री से अन्वित हैं, जैसे—महाकवि अश्वघोष रचित वर्णार्हवर्णस्तोत्र एवं शतपञ्चाशत्कस्तोत्र तथा इसी को आधार बनाकर आचार्य दिङ्नाग विरचित मिश्रकस्तोत्र आदि प्रमुख हैं। भोट देश के महापण्डित आचार्य चोंखापा द्वारा विरचित आर्यमैत्रेयनाथस्तुति एवं आर्यमञ्जुश्रीस्तुति—ये दो महास्तोत्र, धर्मराज डक्पा-जङ्-छुप्-पदल्-सङ्पो (कीर्तिबोधिश्रीभद्र) के विशिष्ट गुणों को आधार बनाकर दुरूह महाकाव्य के रूप में विरचित 'अद्भुतस्तोत्र', छ्ङ्से-येद्-पई-दोर्जे (ब्रह्मपुत्रस्मितवज्र) द्वारा (चोंखापा जी के) 'प्रतीत्यसमुत्पादस्तुतिसुभाषितहृदय' को आधार बनाकर विरचित 'अक्षयाभिधेय-आकाशकोश-विस्तृतद्वार-उद्घाटन-सत्ययुगमेघघोष' नामक मिश्रकस्तोत्र आदि अनेक काव्यबद्ध उत्कृष्ट कृतियाँ निर्मित की गई हैं। यहाँ जिनका उल्लेख किया गया है, वे तो निदर्शनमात्र हैं।

अनेक स्तोत्र ऐसे भी हैं, जो शब्दालंकार आदि से चमत्कृत भले ही न हों, फिर भी उत्तम काव्यगुणों से समृद्ध हैं, जैसे—स्वयं आचार्य (नागार्जुन) द्वारा विरचित चतुःस्तव आदि स्तोत्र। इसी तरह आचार्य चोंखापा द्वारा विरचित तथागत के विशेष गुण का आख्यान करनेवाला 'प्रतीत्यसमुत्पादस्तुतिसुभाषितहृदय' नामक स्तुतिराज आदि अनेक स्तोत्र हैं, फिर भी यहाँ विस्तार के भय से उनका उल्लेख नहीं किया जा रहा है।

बुद्ध एवं बोधिसत्त्व आदि पूजनीय क्षेत्रों के प्रति लिखित जितनी भी स्तुतियाँ हैं, उनमें से अधिकतर स्तुतियाँ साक्षात् या परम्परया उन महापुरुषों के अनेकविध कर्मों में से परम विशिष्ट वाक्कर्म ही हैं, उसी (वाक्कर्म) को प्रमुखता देकर स्तुतियाँ रची गई हैं। उदाहरणार्थ आचार्य नागार्जुन का चतुःस्तव आदि तथा आचार्य चोंखापा जी की प्रतीत्यसमुत्पादस्तुति आदि। इन सब (स्तुतियों) में भगवान् तथागत के अनेक गुणों में से शून्यता और प्रतीत्यसमुत्पाद के उपदेश रूपी गुण को प्रमुख मानकर और उससे आकृष्ट एवं प्रभावित होकर अनुपम स्तुतियों की रचना की गई है।

अनेक स्थानों पर प्रतिपाद्य विशेष गुण अथवा विशेष अभिधेय को स्तुत्य बनाकर स्तुति की रचना की गई है, यथा—नागार्जुन का 'धर्मधातुस्तोत्र' है, जिसमें समस्त प्राणियों में विद्यमान प्रकृतिस्थ गोत्र को आलम्बन बनाकर स्तुति की गई है। इसी तरह आचार्य चोंखापा और भट्टारक 'गुङ्थङ्-तेनपई-डोनमे' ने क्रमशः रक्त-पीत मञ्जुश्री तथा श्वेत मञ्जुश्री के काय-वाक्-चित्त में प्रत्येक के गुणों को विषय बनाकर स्तुति की है।

यदि स्तुति करने की प्रक्रिया के भिन्न-भिन्न प्रकार हैं तो प्रस्तुत 'चतुःस्तव' नामक स्तुतिसंग्रह में किस प्रकार को अपनाकर भगवान् बुद्ध की स्तुति की गई है? यह किस प्रकार के अनुकूल है?

पूर्वोक्त की भाँति इसमें रस और अलंकार आदि के प्रपञ्चों को छोड़कर प्रमुख रूप से भगवान् बुद्ध ने जो सर्वधर्मनिःस्वभावता और प्रतीत्यसमुत्पाद की देशना की है, भगवान् के इस विशेष वाक् गुण से अत्यन्त आकृष्ट एवं प्रभावित होकर आचार्य ने भगवान् के प्रति अवेत्यप्रसाद से आप्लुत होकर उनकी स्तुति की है।

स्तुति ग्रन्थों पर आचार्य नागार्जुन का प्रभाव

भोट भाषा में उपलब्ध तनग्युर-संग्रह के अन्तर्गत 'स्तोत्रगण' में संगृहीत ७१ स्तोत्रों में प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता आचार्य नागार्जुन के १९ स्तोत्र संगृहीत हैं। इनमें से अधिकांश स्तुतियाँ भगवान् बुद्ध तथा उनके अनेक कर्मगुणों में से परम विशिष्ट वाक्कर्म को प्रमुख बनाकर स्तुति की गई है। जैसे—लोकातीतस्तव आदि चतुःस्तव, स्तुत्यतीतस्तव, प्रज्ञापारमितास्तव, आर्यमञ्जुश्रीपरमार्थस्तुति, निरुत्तरस्तव आदि स्तोत्रों में जिस प्रकार भगवान् तथागत ने शून्यता और प्रतीत्यसमुत्पाद की देशना की है, उससे आश्चर्यचकित होकर उनकी स्तुति की गई है। धर्मधातुस्तव में समस्त सत्त्वों में आदितः विद्यमान प्रकृति गोत्र को आधार बनाकर उसकी स्तुति की गई है। चित्तवज्रस्तोत्र में सभी सास्रव सुखों और दुःखों का कर्ता, कर्म और क्लेशों का प्रहायक तथा बुद्धत्वप्रापक जो चित्त है, उसके महत्त्व का आख्यान करते हुए उसकी स्तुति की गई है। इस (चित्तवज्रस्तोत्र) के अभिधेय का तन्त्रयान के पक्ष में भी ग्रहण किया जा सकता है—ऐसा भी प्रतीत होता है।

आर्यमञ्जुश्रीकरुणास्तोत्र, कायत्रयस्तोत्र स्ववृत्ति सहित, सत्त्वाराधनस्तोत्र, अष्टमहास्थानचैत्यस्तोत्र, द्वादशाकारनयस्तोत्र, वन्दनास्तोत्र एवं नरकोद्धारस्तोत्र आदि इन सबके अभिधेय ग्रन्थ के नाम से ही स्पष्ट हैं, किन्तु इन सबमें यह एक तथ्य अवश्य ज्ञातव्य है कि उक्त सभी स्तोत्रों का सम्बन्ध साक्षात् या परम्परया भगवान् बुद्ध से है। अतः ये सभी भगवान् बुद्ध के स्तोत्र ही हैं। इन सबमें बुद्ध के द्वादश चरित्र (लीलाएँ), जहाँ उपदेश किया, वे स्थान, बुद्धस्तूप और उनके कर्मगुण आदि को विषय बनाकर स्तुति की गई है।

पूर्वोक्त सत्त्वाराधन-स्तव में आचार्य नागार्जुन ने भगवान् बुद्ध द्वारा षोडश महाश्रावकों को उपदिष्ट 'बोधिसत्त्वपिटक-ऊषर नदी' नामक सूत्र के भावार्थ को पद्यबद्ध करके स्तुति के रूप में प्रस्तुत किया है। चतु:स्तव के अन्तर्गत संगृहीत 'परमार्थस्तव' और उन्हीं के द्वारा रचित 'आर्यमञ्जुश्रीपरमार्थस्तव' इन दोनों में अत्यधिक साम्य है। कई श्लोक तो अभिधेय और वाक्यरचनाशैली की दृष्टि से नितान्त एक-जैसे दृष्टिगोचर होते हैं। तनग्युर-संग्रह के तन्त्रवर्ग में आचार्य (नागार्जुन) के नाम से 'श्रीमहाकालस्तोत्र अष्टपद' नामक तीन स्तोत्रों का उल्लेख ग्रन्थसूची में निर्दिष्ट है। इनमें से दो का नाम संस्कृत भाषा में 'श्रीमहाकालस्तुति अष्टमन्त्र' दिया गया है। इसके अतिरिक्त 'वज्रमहाकाल-अष्टस्तोत्र' नामक स्तोत्र भी है। इनमें से दो स्तोत्रों में अधिक अन्तर नहीं है। बुस्तोन रिनपोछे की एक तनग्युर-सूची में 'श्रीमहाकालस्तोत्र-अष्टपद' नामक एक स्तोत्र ही उल्लिखित है। इसी प्रकार तनग्युर-संग्रह की सूची में आचार्य नागार्जुन के नाम पर विभिन्न पाँच 'महाकालसाधन' नामक ग्रन्थ उल्लिखित है, किन्तु मूल ग्रन्थ में दो के ऊपर रचयिता का नाम उल्लिखित नहीं है। अत: इस विषय पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। हाल ही में प्रकाशित 'बौद्ध स्तोत्रसंग्रह' में आचार्य के नाम से चतु:स्तव के अतिरिक्त संस्कृत भाषा में वज्रदेवीस्तोत्र, वज्रमहाकालस्तोत्र, नरकोद्धारस्तोत्र और सत्त्वाराधनगाथा—ये चार स्तोत्र ही संगृहीत हैं। इनमें से प्रथम (वज्रदेवीस्तोत्र) का अनुवाद सम्भवत: भोट भाषा में नहीं है और तृतीय (नरकोद्धारस्तोत्र) पर रचयिता का उल्लेख नहीं दिया गया है। इनके अतिरिक्त आचार्य द्वारा विरचित 'प्रज्ञापारमितास्तोत्र' भी संस्कृत में बौद्धस्तोत्रसंग्रह में उपलब्ध है तथा अष्टसाहस्रिकाप्रज्ञापारमिता टीका-आलोक के प्रारम्भ में भी आचार्य नागार्जुन की कृति के रूप में संस्कृत में उपलब्ध है। किन्तु बौद्धस्तोत्रसंग्रह में उक्त (प्रज्ञापारमिता-)स्तोत्र को श्रीलक्षाभगवती की कृति बताया गया है, जो विचारणीय है।

'चतु:स्तव' नामकरण की समीक्षा

सामान्यत: आचार्य नागार्जुन के नाम पर कुल २४ स्तुतियाँ उपलब्ध होती हैं। इनमें से लोकातीतस्तव, अचिन्त्यस्तव, निरौपम्यस्तव एवं परमार्थस्तव—ये चार स्तव 'चतु:स्तव' के नाम से लोक में विख्यात हैं। यह नाम आचार्य ने स्वयं रखा है या उस काल के अन्य आचार्यों ने रखा है—ऐसा निश्चय नहीं हो पा रहा है। यह नामकरण बाद में किया गया होगा—ऐसा प्रतीत होता है, क्योंकि आचार्य

चन्द्रकीर्ति आदि प्रारम्भिक आचार्यों के ग्रन्थों में इन चार स्तोत्रों के अनेक उद्धरण उपलब्ध होते हैं, किन्तु किसी ने भी 'चतु:स्तव' इस नाम का उल्लेख नहीं किया है। अत: इन चार स्तोत्रों के सम्मिलित नाम 'चतु:स्तव' का सर्वप्रथम उल्लेख किस विद्वान् ने किस प्रयोजन से और क्यों किया है? इन प्रश्नों के समाधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वर्तमान में उपलब्ध होना सम्भव नहीं है। सूक्ष्मतया निरीक्षण करने पर अधिकतर ग्रन्थों में इन चार स्तोत्रों से उद्धरण देते समय या तो पृथक् स्तोत्र का उल्लेख किया गया है या 'तथा चोक्तम्', 'उक्तं च' इत्यादि का उल्लेख किया गया है, न कि इनके सामूहिक नाम 'चतु:स्तव' का उल्लेख किया गया है। फिर भी एक, दो ग्रन्थ ऐसे अवश्य हैं, जिनमें उद्धरण देते समय 'चतु:स्तव' नाम का उल्लेख उपलब्ध होता है, किन्तु वह भी सब जगह नहीं है। उदाहरणार्थ आचार्य शान्तिदेव के बोधिचर्यावतार की प्रज्ञाकरमति रचित पञ्जिका तथा वैरोचनरक्षित द्वारा विरचित बोधिचर्यावतारपञ्जिका में 'निरौपम्यस्तव' से उद्धरण देते समय स्पष्ट शब्दों में 'चतु:स्तव' का उल्लेख किया गया है।

उक्त दोनों विद्वानों के ग्रन्थों में प्रदत्त उद्धरणों का सूक्ष्म निरीक्षण करने पर एक विशेष स्थिति दृष्टिगोचर होती है। वह यह कि उक्त दोनों विद्वानों ने अपने ग्रन्थ में उद्धरण देते समय निरौपम्यस्तव के ७वें और ९वें श्लोकों का उद्धरण दिया है और वहाँ पर 'चतु:स्तव' इस नाम का उल्लेख भी किया है। किन्तु अन्य श्लोकों का उद्धरण देते समय 'चतु:स्तव' नाम का उल्लेख दृष्टिगोचर नहीं होता। जबकि प्रज्ञाकरमति ने अपनी बोधिचर्यावतारपञ्जिका में उन स्तोत्रों के लगभग १८ से अधिक श्लोकों के उद्धरण दिये हैं। उन (उद्धरणों) में चारों स्तोत्रों के सामूहिक नाम 'चतु:स्तव' का उल्लेख नहीं किया है और न प्रत्येक स्तोत्र के पृथक्-पृथक् नाम का भी उल्लेख किया है, अपितु 'उक्तं च', 'तदुक्तम्', 'यदाह' इतने मात्र का उल्लेख किया है।

इस तरह दोनों विद्वानों ने एक 'निरौपम्यस्तव' के ही दो श्लोकों का उद्धरण देते समय 'चतु:स्तव' का उल्लेख किया है। शेष उद्धरणों में अनुल्लेख का कारण परस्पर एक-दूसरे का अनुकरण या परस्पर एक-दूसरे पर प्रभाव प्रतीत होता है। इस स्थिति में उन दोनों टीकाकारों में कौन पूर्ववर्ती है, किसने किसको प्रभावित किया, किसने किसको आधार बनाया, अन्य उद्धरणों में न सामूहिक नाम, न प्रति स्तोत्र का पृथक् नाम—इनके पीछे क्या कारण रहा—

इत्यादि विषयों पर विचार करना आवश्यक है। हो सकता है कि ये विषय या ये प्रश्न अत्यन्त महत्त्वपूर्ण नहीं हैं, इसलिए इन पर विद्वानों का ध्यान नहीं गया हो।

आजकल संस्कृत में उपलब्ध प्रज्ञाकरमतिकृत बोधिचर्यावतारपञ्जिका में लोकातीतस्तव के १२, १९ एवं २०वें श्लोकों के उद्धरण-स्थलों में 'चतु:स्तव' यह सामूहिक नाम दृष्टिगोचर होता है, किन्तु भोटानुवाद में वह अंश उपलब्ध नहीं है। अत: उस तरह का यह उल्लेख क्या बाद में जोड़ दिया गया है, इस पर भी विचार करना स्वाभाविक होता है, क्योंकि उपलब्ध संस्कृत ग्रन्थ में जो अनेक उद्धरणों के सम्मुख 'चतु:स्तव' नाम का उल्लेख दिखाई देता है, वह बाद में सम्पादक महोदय ने खोजकर जोड़ दिया है—ऐसा प्रतीत होता है। इसी तरह की स्थिति 'लोकातीतस्तव' के उक्त तीन श्लोकों के उद्धरण की भी है—ऐसी सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

आजकल मूल संस्कृत में सुरक्षित बुद्धवचनों एवं उनके टीकाग्रन्थों की संख्या जैसे बहुत कम है, ठीक उसी तरह आचार्य नागार्जुन के नाम पर उपलब्ध ग्रन्थों की संख्या भी अल्प ही है। उक्त चारों स्तोत्रों के सामूहिक नाम 'चतु:स्तव' के बारे में यद्यपि अस्पष्टता और अनिश्चय की स्थिति भले ही दिखलाई देती हो तथा उसके उद्धरण देने की प्रक्रिया में भी भले ही विभिन्नता दिखलाई देती हो, फिर भी आचार्य नागार्जुन विरचित 'चतु:स्तव' अपने मूलरूप संस्कृत में अनेक हस्तलिखित पाण्डुलिपियों में सुरक्षित उपलब्ध होता है, यह बड़े सौभाग्य की बात है। इतना ही नहीं, इन स्तोत्रों पर विद्वानों द्वारा लिखित 'चतु:स्तव-समासार्थ' और 'दुरूह शब्दों की टीका' भी संस्कृत में यथाकथञ्चित् प्राप्त है। फलत: उक्त नामकरण की अस्पष्टता एवं अनिश्चितता तथा उद्धरण-प्रक्रिया की विभिन्नता आदि कम महत्त्वपूर्ण बातें यद्यपि अवश्य दिखलाई देती हैं, किन्तु अत्यधिक महत्त्वपूर्ण तो यह है कि चार स्तोत्रों के संग्रह 'चतु:स्तव' का मूल संस्कृत में उपलब्ध होना। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

इस ग्रन्थ के विषय में एक महत्त्वपूर्ण विचारणीय तथ्य यह भी है कि किस दृष्टि से या किस पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर इन चार स्तोत्रों को एक साथ 'चतु:स्तव' के नाम से ग्रथित किया गया है?

यह कहा जा सकता है कि अभिधेय की दृष्टि से इन चारों स्तोत्रों को एक-साथ ग्रन्थ के रूप में प्रस्तुत किया गया है, क्योंकि सर्वधर्मनि:स्वभावता और

प्रतीत्यसमुत्पाद की जो भगवान् बुद्ध की अद्भुत देशना है, उस (देशना) के अभिधेय को इन चारों स्तोत्रों में प्रतिपादित किया गया है, इसलिए इन चारों को इस ग्रन्थ में एक साथ रखा गया है। किन्तु यह कथन पूर्णरूप से समीचीन नहीं है, क्योंकि 'स्तुत्यतीतस्तव' का भी यही अभिधेय है, अत: उसे भी इसमें सम्मिलित करना चाहिए था, किन्तु ऐसा नहीं किया गया है। इसी तथ्य को ध्यान में रखर श्री प्रभुभाई पटेल ने अपने तिब्बती से संस्कृत में पुनरुद्धरित 'चतु:स्तव' में 'परमार्थस्तव' के स्थान पर 'स्तुत्यतीतस्तव' को रखा है। उनकी यह योजना समीचीन प्रतीत होती है, क्योंकि अभिधेय की दृष्टि से ये चारों स्तोत्र अधिक अनुकूल प्रतीत होते हैं, जबकि 'परमार्थस्तव' का अभिधेय शेष तीन स्तुतियों के अभिधेय से कुछ भिन्न प्रतीत होता है। क्योंकि उसमें शून्यता के अलावा प्रतीत्यसमुत्पाद के विषय में स्पष्ट प्रतिपादन नहीं है। अत: परमार्थस्तव के स्थान पर 'स्तुत्यतीतस्तव' को रखा होता तो 'चतु:स्तव' नामक यह संग्रह अभिधेय की दृष्टि से अधिक सार्थक होता, क्योंकि इन चारों स्तोत्रों का अभिधेय समान होने के कारण उन्हें एक वर्ग में रखा जाना अत्यन्त समीचीन हो सकता है। इन चारों के अतिरिक्त तुल्य अभिधेयवाला कोई अन्य स्तोत्रसंग्रह दृष्टिगोचर नहीं होता है। बहरहाल इन चार स्तोत्रों के संग्रह के 'चतु:स्तव' इस नामकरण का कोई ठोस कारण उपलब्ध नहीं होता। अत: यह विद्वानों द्वारा एक विचारणीय विषय है।

चार स्तोत्रों के बारे में मत-मतान्तर

'चतु:स्तव' नाम से प्रसिद्ध संग्रह के अन्तर्गत आनेवाले ग्रन्थों का निश्चय करते समय उद्धरणों के सम्मुख 'चतु:स्तव' इस नाम के उल्लेख की दृष्टि से देखा जाए तो पूर्वोक्त की भाँति 'निरौपम्यस्तव' के अतिरिक्त अन्य स्तोत्रों के सम्मुख इस नाम का उल्लेख दुर्लभ (अर्थात् मिलना कठिन) हो रहा है। फिर भी संस्कृत में इन चारों को एक साथ संकलित कर यह नाम दिया हुआ उपलब्ध होता है। इस प्रकार हस्तलिखित पाण्डुलिपि और प्रकाशित कुल मिलाकर चार से अधिक प्रतिलिपियाँ प्राप्त हुई हैं। किन्तु भोट भाषा में अनूदित 'तनग्युर-संग्रह' में 'चतु:-स्तव' के नाम से कोई पृथक् स्वतन्त्र स्तोत्रगण या स्तोत्रसंग्रह उपलब्ध नहीं है। फिर भी वहाँ उसके अन्तर्गत आनेवाले स्तोत्रगण में ये चार स्तोत्र ७१ स्तोत्रों के बीच-बीच में आगे-पीछे उपलब्ध होते हैं। संस्कृत में एक ग्रन्थ (चतु:स्तव) ऐसा भी उपलब्ध होता है, जो संस्कृत मूल न मिलने के कारण भोट भाषा से संस्कृत में पुनरुद्धार करके प्रकाशित है। इसके पुनरुद्धारकर्ता एवं सम्पादक श्री प्रभुभाई पटेल

हैं। उन्होंने चार स्तोत्रों में परमार्थस्तव की जगह 'स्तुत्यतीतस्तव' को सम्मिलित किया है। पश्चिमी विद्वान् Prof. Louis de la Vallee Poussin ने भोट पाठ को फ्रेंच अनुवाद के साथ रोमन लिपि में प्रकाशित किया है। उसमें 'अचिन्त्यस्तव' के स्थान पर 'चित्तवज्रस्तव' को रखकर चार स्तोत्रों का संग्रह किया है। भारत के विद्वान् अमृतकार द्वारा विरचित 'चतु:स्तवसमासार्थ' नाम की एक रचना जीर्ण-शीर्ण हालत में संस्कृत में उपलब्ध हुई है। उसमें निरौपम्यस्तव, अचिन्त्यस्तव और परमार्थस्तव इन तीन का ही समासार्थ उपलब्ध है, उसमें एक प्रथम स्तोत्र का समासार्थ अनुपलब्ध है। वह एक स्तव कौन होगा? क्या अन्य विद्वानों की भाँति वह 'लोकातीतस्तव' का ग्रहण करते होंगे या नहीं? यह विचारणीय है। अन्य अनेक प्रतिलिपियाँ उपलब्ध हैं, उन सभी में चार की संख्या में कोई भेद नहीं है।

चतुःस्तव की संस्कृत प्रतिलिपियों की समीक्षा

इस ग्रन्थ की संस्कृत में छ: प्रकार की प्रतिलिपियाँ प्राप्त हुई हैं, यथा—

(क) नेपाल के प्रसिद्ध विद्वान् पं० दिव्यवज्र वज्राचार्य ने 'अखिल नेपाल महायान बौद्ध समाज' के माध्यम से इसे प्रकाशित किया है। उसमें संस्कृत मूलपाठ के साथ नेपाली भाषा में अनुवाद तथा प्रत्येक स्तोत्र का सारांश भी संलग्न है।

(ख) इस संस्थान के 'दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध अनुभाग' के उपनिदेशक पं० जनार्दन शास्त्री पाण्डेय द्वारा संकलित एवं प्रकाशित 'बौद्ध स्तोत्र संग्रह' नामक ग्रन्थ में कुल १०८ विभिन्न स्तोत्र सम्मिलित हैं। उन बौद्ध स्तोत्रों के संग्रह में ये चारों स्तोत्र भी सम्मिलित हैं। परन्तु इसमें न तो चतु:स्तव नाम का उल्लेख है और न ही ये चारों स्तोत्र एक-साथ दिये गये हैं। इनके अतिरिक्त इस ग्रन्थ में नागार्जुन के नाम पर अन्य अनेक स्तोत्र भी संगृहीत हैं, यथा—वज्रदेवी स्तोत्र, वज्रमहाकाल स्तोत्र, सत्त्वाराधनगाथा, नरकोद्धारस्तोत्र तथा प्रज्ञापारमितास्तोत्र। प्रथम दो स्तोत्र तनग्युर-संग्रह के स्तोत्रगण में उपलब्ध नहीं है। द्वितीय (वज्रमहाकालस्तोत्र) तन्त्रवर्ग में अवश्य उपलब्ध है। प्रथम (वज्रदेवीस्तोत्र) सम्भवत: भोटानुवाद में उपलब्ध नहीं है। चतुर्थ नरकोद्धारस्तोत्र के रचयिता का नाम उस ग्रन्थ में नहीं दिया गया है। पञ्चम प्रज्ञापारमितास्तोत्र के कर्ता के रूप में आचार्य नागार्जुन का नाम न देकर 'लक्षा भगवती' का नाम दिया गया है।

(ग) पश्चिमी विद्वान् (CHR. Lendtner) ने आचार्य नागार्जुन के शून्यतासप्तति, बोधिचित्तविवरण आदि अनेक ग्रन्थों पर समीक्षात्मक शोध, अनुवाद एवं सम्पादन आदि कार्य करके Nagarjuniana इस नाम का एक ग्रन्थ १९८७ में प्रकाशित किया है। उसमें चतु:स्तव पर सूक्ष्मता से समीक्षात्मक विश्लेषण भी किया गया है। लोकातीतस्तव और अचिन्त्यस्तव इन दो स्तोत्रों के संस्कृत मूलपाठ और भोटपाठ का सम्पादन किया है तथा अंग्रेजी भाषा में अनुवाद किया गया है और मूलपाठ तथा भोटपाठ को रोमनलिपि में प्रकाशित किया है। चतु:स्तव के चार स्तोत्रों में से यहाँ केवल दो स्तोत्रों को ही ग्रहण करने के पीछे निम्नलिखित कारण प्रदर्शित किया गया है, यथा—ये दो स्तोत्र आचार्य नागार्जुन प्रणीत मूलमाध्यमिककारिका आदि छह ग्रन्थों (षड् युक्तिगण) के अभिधेय से अत्यन्त अनुकूल हैं। उनकी इसी विशेषता को देखकर इन दो पर ही कार्य करके प्रकाशन किया गया है। उस ग्रन्थ के अन्त में चतु:स्तव का संस्कृत मूल तथा आचार्य शिरोमणि द्वारा विरचित शाब्दिक टीका की प्राचीन पाण्डुलिपि का फोटो-प्रिन्ट भी दिया गया है।

(घ) इटली के प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान् Prof. G. Tucci को तिब्बत की यात्रा करते समय ङोर नामक विहार में चतु:स्तव के अन्तर्गत समाविष्ट निरौपम्यस्तव और परमार्थस्तव की मूल संस्कृत में पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुईं। उन्होंने इन दोनों को तिब्बती पाठ के साथ तुलनात्मक समीक्षा करके तथा उनका अंग्रेजी में अनुवाद करके जर्नल ऑफ द रायल एशियाटिक सोसाइटी (Journal of the Royal Asiatic Society 'JRAS') की पत्रिका में १९३२ ई० में प्रकाशित कराया। उसी विहार में उन्होंने महायानविंशक ग्रन्थ भी प्राप्त किया, जिसके साथ आचार्य अमृतकार द्वारा विरचित चतु:स्तवसमासार्थ नामक ग्रन्थ भी संलग्न रूप में प्राप्त हुआ। इसमें निरौपम्यस्तव, अचिन्त्यस्तव एवं परमार्थस्तव इन तीन का समासार्थ उपलब्ध था। परन्तु प्रथम लोकातीतस्तव का समासार्थ उसमें अनुपलब्ध था। इतना ही नहीं, द्वितीय निरौपम्यस्तव के समासार्थ का प्रारम्भिक अंश भी खण्डित था। यह ग्रन्थ अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था, इसलिए इसका सम्पादन भी अत्यन्त कठिन था। जीर्ण-शीर्णता और अपूर्णता मात्र कारण नहीं थे, अपितु भोट भाषा में उसका अनुवाद भी अनुपलब्ध था। इस ग्रन्थ को प्रो० टुच्ची ने समीक्षात्मक विवेचन और भूमिका के साथ रोमन लिपि में (Minor Buddhist Texts) में छापा है। इस वाल्यूम में आचार्य कमलशील का प्रथम

भावनाक्रम, आचार्य असंग की वज्रच्छेदिका निबन्धनकारिका आदि अनेक ग्रन्थों पर प्रो० टुच्ची ने सम्पादन, समीक्षा, अंग्रेजी-अनुवाद आदि कार्य सम्पन्न किये हैं।

(ङ) इस संस्थान के दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध अनुभाग में कार्यरत शोध-अधिकारी डॉ० ठाकुरसेन नेगी के व्यक्तिगत संग्रह में इस ग्रन्थ की संस्कृत पाण्डुलिपि उपलब्ध है। उसमें चतुःस्तव की एक टीका भी उपलब्ध है, जो आचार्य शिरोमणि द्वारा विरचित 'अकारिटीका' है, जिसमें चतुःस्तव के स्तोत्रों की कारिकाओं की अन्वय के साथ व्याख्या की गई है। यह टीकाग्रन्थ नेवारी लिपि में प्राप्त है। यह ग्रन्थ Nagarjuniana नामक ग्रन्थ में भी फोटो-प्रिन्ट के रूप में दिया गया है। दोनों एक समान हैं। यह पाण्डुलिपि डॉ० नेगी को टोक्यो यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी (Tokyo University Library) से प्राप्त हुई है। यह पाण्डुलिपि काफी पुरानी हालत में है और अनेक स्थानों पर त्रुटित है और अस्पष्ट है। डॉ० नेगी को नेपाल से पूर्ण एवं स्पष्ट पाण्डुलिपि मिलने की सम्भावना है।

हमने प्रस्तुत ग्रन्थ के मूल संस्कृत अंश के पाठ-संशोधन में उसका उपयोग किया है तथा पाठान्तर टिप्पणी में दे दिये हैं। किन्तु अभी तक इस ग्रन्थ का देवनागरी में लिप्यन्तरण नहीं हुआ है। इस टीका ग्रन्थ की दूसरी पूर्ण और स्पष्ट प्रतिलिपि प्राप्त हुए बिना इस पर सम्पादन आदि कार्य करना कठिन प्रतीत हो रहा है, क्योंकि इस ग्रन्थ का भोटानुवाद भी तनग्युर-संग्रह में उपलब्ध नहीं है। डॉ० नेगी के व्यक्तिगत संग्रह से चतुःस्तव की एक और पाण्डुलिपि प्राप्त हुई है, जिसमें केवल मूल संस्कृत ही है, किन्तु वह भी अपूर्ण है। इसका भी हमने प्रस्तुत ग्रन्थ के पाठ-संशोधन में उपयोग किया है। यह प्रतिलिपि डॉ० नेगी को इन्स्टीट्यूट फॉर एडवांस स्टडीज ऑफ वर्ल्ड रिलिजन्स, अमेरिका (Institute for Advance Studies of World Religions America) से प्राप्त हुई है।

(च) इण्डियन हिस्टॉरिकल क्वार्टरली (Indian Historical Quarterly 'IHQ') के भाग ८ (Vol. VIII) में श्री प्रभुभाई पटेल नामक विद्वान् ने चतुःस्तव के भोट-पाठ से संस्कृत में पुनरुद्धार कर उसका सम्पादन किया है। उन्होंने उस पर कार्य करते समय इन स्तोत्रों के संस्कृत में भी उपलब्ध होने की जानकारी न रहने के कारण भोट-पाठ को आधार बनाकर उसका पुनरुद्धार किया। साथ ही, भोट-पाठ का भी समीक्षात्मक सम्पादन कर रोमन

लिपि में उसका प्रकाशन किया है। उनके चतु:स्तव की एक यह विशेषता अवश्य है कि उन्होंने चतु:स्तव के चार स्तोत्रों में परमार्थस्तव के स्थान पर स्तुत्यतीतस्तव को संगृहीत किया है, जो अन्य तीन स्तोत्रों के अभिधेय की दृष्टि से परमार्थस्तव की अपेक्षा अधिक अनुकूल है। उनका यह कार्य चतु:स्तव के चार स्तोत्रों के पृथक् वर्गीकरण का एक ठोस आधार प्रस्तुत करता है, क्योंकि स्तुत्यतीतस्तव अभिधेय की दृष्टि से शेष तीन स्तोत्रों के समतुल्य है। अत: उनका प्रयास विद्वानों की दृष्टि में सफलता प्राप्त कर सकता है।

पूर्वोक्त विद्वानों द्वारा रचित पुस्तकों एवं निबन्ध संग्रहों की भूमिका आदि में जो उल्लेख मिलते हैं, उसके अनुसार पाश्चात्त्य फ्रेंच (Frence) विद्वान् प्रो० लोविस्-दि-ला-वेली-पूसें (Prof. Louis de la Vallee Poussin) ने भी चतु:-स्तव पर कार्य किया है। किन्तु उन्हें भी उसका संस्कृत मूल उपलब्ध नहीं हुआ। फलत: उसके भोट-पाठ को ही आधार बनाकर फ्रेंच भाषीय अनुवाद को भोट-पाठ के साथ सन् १९१४ में प्रकाशित किया। फिर भी यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध प्रारम्भ हो जाने के कारण उसका उनके कार्य पर विपरीत असर पड़ा, इसका उन्होंने स्वयं उल्लेख किया है। उनके ग्रन्थ में चार स्तोत्रों में अचिन्त्यस्तव का परिगणन नहीं किया गया, अपितु उसके स्थान पर चित्तवज्रस्तव को स्थान दिया गया है। इसके पीछे क्या कारण हो सकता है? इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। जैसे एक तो मूल संस्कृत पाठ का अनुपलब्ध रहना हो सकता है। दूसरा कारण तनग्युर-संग्रह में वर्णित स्तोत्रों के क्रम को आधार बनाना हो सकता है। तनग्युर-संग्रह में निरौपम्यस्तव और लोकातीतस्तव के बाद चित्तवज्रस्तव संगृहीत है। ठीक उसके बाद परमार्थस्तव रखा हुआ है। उनके चतु:स्तव में भी ठीक यही क्रम दिया गया है। तनग्युर-संग्रह में अचिन्त्यस्तव तो उपर्युक्त चार स्तोत्रों के अनन्तर विवरण सहित कायत्रय स्तोत्र मूल आदि अन्य पाँच स्तोत्रों के अनन्तर दिया हुआ है। चतु:स्तव के चार स्तोत्रों की परिगणना में भ्रम का कारण उसके संस्कृत मूल का न मिलना है, न कि उनके प्रतिपाद्य विषय (अभिधेय) आदि की भिन्नता है।

(छ) इस संस्थान के मूलशास्त्र विभाग के प्रो० थुपतन छोगडुप ने जब वे सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में कार्यरत थे, तब उन्होंने वहाँ के श्रमणविद्या संकाय द्वारा प्रकाशित 'संकायपत्रिका' में आचार्य नागार्जुन द्वारा प्रणीत चतु:स्तव के निरौपम्यस्तव एवं परमार्थस्तव इन दो स्तोत्रों को उनके

सारांश के साथ सम्पादित कर प्रकाशित किया है। उनको इन स्तोत्रों की प्रतिलिपि अंग्रेजी अनुवाद के साथ मूल संस्कृत में इटली से प्राप्त हुई थी। निश्चित रूप से यह प्रतिलिपि इटली के प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान् प्रो० टुच्ची (Prof. Giuseppe Tucci) द्वारा प्रकाशित प्रतिलिपि ही होगी। प्रो० टुच्ची ने तिब्बती भाषा में अनूदित इन स्तोत्रों को तिब्बत से लाकर अंग्रेजी अनुवाद के साथ सम्पादन करके छापा था। इसकी चर्चा मैंने ऊपर की है। प्रो० थुपतन छोगडुप ने इन दो स्तोत्रों को संस्कृत मूल पाठ का तिब्बती अनुवाद से मिलान कर तुलनात्मक संशोधन और हिन्दी में उनका सारांश लिखकर संक्षिप्त भूमिका के साथ सन् २००० में श्रमण-विद्या-संकाय पत्रिका में प्रकाशित किया है।

अनुवाद, भोट-पाठ सम्पादन आदि का विवरण

आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित स्तुतिगण में से जिन स्तोत्रों का सम्मिलित नाम 'चतुःस्तव' रखा गया है, वह नाम तिब्बती विद्वानों में अत्यन्त अप्रसिद्ध और अपरिचित है। यह नाम बाद में रखा गया है—ऐसा प्रतीत होता है। इस ग्रन्थ के भोट-पाठ का सम्पादन करते समय मैंने स्दे-गे संस्करण को आधार बनाया है। स्नरथङ्-संस्करण, पेकिङ्ग-संस्करण और सेर-डिस-संस्करण से उसकी तुलना करते समय जिन पाठभेदों से अर्थ में अन्तर पड़ता है, उन पाठभेदों को पाद-टिप्पणी में दे दिया गया है। इस ग्रन्थ के मूल संस्कृत पाठ और भोट-पाठ के बीच तुलनात्मक समीक्षण करने पर कई स्थलों पर शब्द और अर्थ में भिन्नता दिखती है। इसी तरह अपूर्णता, अशुद्धता आदि अनेक अन्तर भी दिखलाई देते हैं। कुछ श्लोक संस्कृत-पाठ में तो उपलब्ध हैं, किन्तु भोट-पाठ में अनुपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति में उन श्लोकों का नये सिरे से भोटानुवाद कर पूर्णता की गई है। इन सबका स्पष्टीकरण सम्बद्ध श्लोक की टिप्पणी में विवरण के साथ किया गया है।

इस तुलनात्मक समीक्षा के बाद संस्कृत मूल और भोट-पाठ को आधार बनाकर हिन्दी भाषा में अनुवाद किया गया है। अनुवाद की इस प्रक्रिया पर विशेष रूप से स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। प्रारम्भ में संस्कृत और भोट दोनों पाठों को आधार बनाकर अनुवाद किया गया था, किन्तु अनुवाद का संशोधन करते समय प्रो० रामशंकर त्रिपाठी जी ने प्रमुखतया संस्कृत को आधार बनाने पर विशेष बल दिया है। इसलिए हिन्दी-अनुवाद के स्वरूप और ग्रन्थार्थ-प्रतिपादन के स्वरूप की दृष्टि से देखा जाए तो अभिधेय के प्रतिपादन का क्रम, शब्द और

वाक्य विन्यास की शैली भोटपाठ की अपेक्षा संस्कृत पाठ के अधिक अनुकूल है, फिर भी आवश्यकतानुसार अनेक स्थलों पर भोट-पाठ का भी आश्रय लिया गया है।

सामान्य तौर पर तनग्युर-संग्रह के अन्तर्गत लघु-आकार के अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ विद्यमान हैं। इन ग्रन्थों में से अनेक ग्रन्थ 'जो-वोई-छोस्-छुङ्-ग्यचा' नामक संग्रह में विशिष्ट सम्पादन, अनुवाद एवं पाठान्तर के साथ उपलब्ध होते हैं। लेकिन उसमें आचार्य नागार्जुन प्रणीत स्तोत्रगण में से केवल 'निरुत्तरस्तव' ही प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त चतु:स्तव के अन्तर्गत पठित चारों स्तोत्र अविकल रूप से उसमें नहीं हैं। अन्यथा (यदि होते तो) भोटपाठ के सम्पादन में विशिष्टता आ जाती।

चतु:स्तव के अन्तर्गत संगृहीत चारों स्तोत्रों पर भारतीय आचार्यों द्वारा निर्मित टीका-ग्रन्थों के भोटानुवाद प्राप्त नहीं हुए हैं। तिब्बती विद्वान् द्वारा रचित भोट भाषा में केवल एकमात्र टीका प्राप्त हो सकी है। वह (टीका) तिब्बत के विद्वान् 'रोङ्-स्तोन-शाक्य-ग्यल्-छन्' द्वारा लिखित 'परमार्थस्तव' की टीका है। संस्कृत भाषा में तो जैसा पहले कहा गया है आचार्य अमृतकर-रचित 'चतु:-स्तवसमासार्थ' एवं आचार्य शिरोमणि-प्रणीत कठिन शब्दों की टीका 'अकारिका वृत्ति'—ये दो ग्रन्थ प्राप्त हुए हैं। किन्तु ये दोनों ग्रन्थ अपूर्ण हैं और उनका भोटानुवाद भी उपलब्ध नहीं है। इन दोनों में से प्रथम ग्रन्थ की स्थिति तो अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण है। फलत: जब तक कोई स्पष्ट एवं पूर्ण पाण्डुलिपि प्राप्त नहीं हो जाती, तब तक उसका सम्पादन, पुनरुद्धार आदि कार्य करना सम्भव प्रतीत नहीं होता। हमने इस ग्रन्थ के सम्पादन में पाठभेद आदि के लिए उसका उपयोग अवश्य किया है, किन्तु उसे प्रस्तुत ग्रन्थ के परिशिष्ट के रूप में देना सम्भव नहीं हो पाया है। भविष्य में इस ग्रन्थ के द्वितीय संस्करण के अवसर पर इन सब पर यथाशक्ति शोधात्मक कार्य करने की प्रबल इच्छा है।

।। शुभमस्तु सर्वजगताम् ।।

•

ग्रन्थ-सारांश

(पृष्ठभूमि)

गम्भीर और उदार अभिधेयों से समृद्ध इन स्तोत्रों के सारांश का प्रतिपादन करते समय विद्वानों में व्यापक रूप से प्रसिद्ध इस कथन का स्मरण आ जाता है कि ''भारतीय आचार्यों के मूलशास्त्र महार्थ होते हैं।'' अर्थात् उनमें शत-शत-मत प्रतिपादन करने का सामर्थ्य होता है अथवा उनका शत-शत (सैकड़ों) प्रकार से व्याख्यान किया जा सकता है। इस स्थिति में उन स्तोत्रों का सारांश लिखते समय जहाँ तक अपनी बुद्धि का सामर्थ्य है, उसी के अनुसार यथासम्भव स्तोत्रों के गम्भीर अभिधेयों पर विचार प्रस्तुत किया जा रहा है, क्योंकि आचार्य (नागार्जुन) के वास्तविक अभिप्राय को यथावत् समझ पाना अत्यन्त दुरूह है, फिर भी अपने बुद्धिबल के अनुरूप ग्रन्थ के सारांश का निरूपण किया जा रहा है। जब ग्रन्थगत शब्दों या वाक्यों के अभिप्राय को प्रकाशित करने का प्रयास किया जाता है, तब प्रत्येक शब्द या वाक्य से अनेक अर्थ निकलने की गुंजाइश प्रतीत होने लगती है।

सामान्यत: तथागत के प्रवचनों के अभिप्राय को प्रकट करते समय अनुत्तर गुह्यमन्त्र की स्थिति में वह षड् (छह) अन्त और चार नयों से मुद्रित है कि नहीं? यह देखना होता है तथा सूत्रपक्ष (पारमितानय) की स्थिति में नेयार्थ एवं नीतार्थ, चार अभिप्राय और चार अभिसन्धि तथा वर (उत्तम) एवं अवर (निम्न) सिद्धान्तमान्यता आदि को दृष्टि में रखकर अभिप्रायनिर्मोचन अर्थात् अर्थव्याख्यान करने की अनेक पद्धतियों का अवलम्बन करना होता है। लेकिन ये स्तोत्र तो बुद्धवचन न होकर शास्त्रवचन हैं, अत: इनके व्याख्यान के अवसर पर भले ही बुद्धवचनों की भाँति नेयार्थ-नीतार्थ आदि का विचार न करना पड़े, फिर भी ये सभी शास्त्र (स्तोत्र) प्रासङ्गिक माध्यमिक मान्यता के अनुसार निर्मित हैं, जो समस्त धर्म प्रतीत्यसमुत्पन्न और शून्य हैं—इस अद्भुत दृष्टि का प्रतिपादन करते हैं। उस श्रेष्ठ सिद्धान्त के परिप्रेक्ष्य में आर्य अक्षयमतिनिर्देशसूत्र के अनुसार जो सूत्र परमार्थ तत्त्व का निर्देश करते हैं, उन्हें नीतार्थ तथा जो सूत्र संवृति का प्रतिपादन करते हैं, वे नेयार्थ कहे जाते हैं। उसी की भाँति यहाँ भी परमार्थ तत्त्व का ग्रन्थ के मुख्य अभिधेय के रूप में प्रतिपादन किया गया है, इस दृष्टि से इस ग्रन्थ को नीतार्थ का प्रतिपादन करने वाले ग्रन्थों के पक्ष में रखा जा सकता है। फिर भी अनेक

स्थलों पर सांवृतिक धर्म, जो निषेध्याकार अर्थात् शब्दश: अस्वीकार्य हैं, उन्हें भी कहा गया है, अत: उनका अभिप्राय प्रकट करते समय निषेध्य के साथ 'परमार्थत:' या 'स्वभावत:' आदि शब्द का योग करना आवश्यक हो जाता है। जैसे मूलमाध्यमिककारिका के मङ्गलाचरण में निरोध, उत्पाद आदि आठ विशेषणों से रहित प्रतीत्यसमुत्पाद का निर्देश किया गया है, उसकी वृत्ति करते समय आचार्य चन्द्रकीर्ति विरचित प्रसन्नपदा और आचार्य चोंखापा विरचित महाटीका दोनों में व्यावहारिक धर्मों का निषेध करते समय 'परमार्थत:' या 'स्वभावत:' शब्द जोड़े बिना निषेध करना युक्त नहीं है—ऐसा कहा गया है। ऐसी ही स्थिति यहाँ भी एक समान है। अत: यहाँ भी अनेक जगहों पर शब्दश: अर्थ ग्रहण न करके विशेषण योग के माध्यम से अन्य अर्थ की ओर ले जाने (आनीत) की आवश्यकता होती है।

चतु:स्तव के अभिधेय का सामान्यत: मर्मस्थल तो समस्त धर्मों की शून्यता और प्रतीत्यसमुत्पन्नता से भिन्न (अतीत) नहीं है। अत: उसे ही आधार मानकर आगे चलना है। अर्थात् सारांश संकलन आदि कार्य करना है। किन्तु प्रत्येक श्लोक का सारांश लिखते समय जैसे पहले कहा गया है कि "संस्कृत मूलशास्त्र महार्थता से युक्त होता है। अर्थात् उसमें अनेक अर्थों के प्रतिपादन की क्षमता होती है और उसके अनेकविध व्याख्यान किये जा सकते हैं।" इसका अपलाप करना सम्भव नहीं है। किन्तु वर्तमान में स्थिति यह है कि सर्वप्रथम तो संस्कृत मूल पाठ भी अनेक स्थानों पर भ्रष्ट है या अस्पष्ट है तथा पाण्डुलिपियों में अत्यधिक भिन्नता है। इतना ही नहीं, प्राचीनकाल में भोट भाषा में अनुवाद करते समय भी लोचावा और पण्डितों ने अपनी बुद्धि के अनुसार मूल का और उद्धृत वचनों का अनुवाद किया है। अत: उनमें भी अत्यधिक भिन्नता देखने को मिलती है। विशेषत: जिन मूल ग्रन्थों की अनेक टीकाएं है, उनकी टीकाकारों द्वारा व्याख्या करते समय मूल की व्याख्या करने में या उनके अर्थ प्रदर्शित करने की प्रक्रिया में अपनी-अपनी स्वतन्त्र बुद्धि का उपयोग किया गया है। इस कारण उनके द्वारा मूल रचयिता आचार्य के अभिप्राय को शत-प्रतिशत ठीक-ठीक प्रकट कर पाना प्राय: असम्भव ही होता है। फलत: सारांश लिखते समय हमारे द्वारा भी इन मुश्किल परिस्थितियों से निर्लिप्त रह पाना सम्भव नहीं है।

प्रस्तुत ग्रन्थ (चतु:स्तव) के चार स्तोत्रों में एक को छोड़कर बाकी के तीन स्तोत्रों की भोट-भाषा में अनूदित भारतीय टीका या भोटदेशीय पण्डित की

कोई टीका प्राप्त नहीं हो सकी। अतः ग्रन्थ का अभिधेय जिस विद्वान् या जिस यान और जिस सिद्धान्त से सम्बद्ध है तथा ग्रन्थ के अभिधेय का जो सामान्य मर्मस्थल है, इन सबका उल्लंघन न करते हुए अपने बुद्धि, विवेक की शक्ति के अनुसार यथासम्भव सारांश का निष्पादन किया गया है। इसलिए पूर्व महारथियों द्वारा जो बुद्धवचनों के अभिप्राय प्रकट किये गये हैं या टीका आदि लिखे गये हैं, उनके समकक्ष हमारे सारांश का होना सम्भव ही नहीं है। उन चार ग्रन्थों के विषय में किसी प्रामाणिक विद्वान् से आगम-परम्परा लेना तथा उनके (विद्वानों के) पास बैठकर ठीक-ठीक अध्ययन करना भी सम्भव नहीं हो पाया है। फलतः सारांश लेखन में अपने ज्ञान के प्रयोग से ही सन्तुष्ट होना पड़ा है। बाद में दूसरे संस्करण के अवसर पर यदि सम्भव हुआ तो आवश्यकता के अनुरूप यथासम्भव संशोधन और परिवर्धन किया जाएगा।

१. लोकातीतस्तव का सारांश

हे सम्यक्संबुद्ध, आपने सभी प्रपञ्चों से रहित ज्ञानधर्मकाय सम्यक् रूप से प्राप्त किया है तथा आप समस्त लौकिक व्यवहारों एवं लौकिक ज्ञान के व्यापारों से पूर्णतया अतिक्रान्त हैं। सभी लोकोत्तर विशेषणों से सुसम्पन्न भगवान् तथागत की वन्दना करके लोकातीत आपके प्रति अवेत्यप्रसाद से युक्त होकर आचार्य (नागार्जुन) ने इस प्रकार स्तुति की है—

महाकृपालु भगवान् तथागत आपने असंख्येय और अपरिमेय समस्त संसार के प्रति आद्यन्तरहित एकान्त महाकरुणा से दीर्घकालपर्यन्त चिन्तन किया है। अतः यद्यपि सामान्य लोगों की दृष्टि में आप खेद से युक्त प्रतीत हो सकते हैं, किन्तु आपने अनाह्लादकारी वेदनाओं के उत्पाद का अवसर सर्वथा सर्वदा के लिए ध्वस्त कर दिया है।

अनुत्तर शास्ता आपके मतानुसार स्वभावतः सिद्ध धर्म (पदार्थ) बिलकुल नहीं हैं, अतः सत्त्वों की स्थिति (परमार्थतः) स्कन्धों पर आश्रित भी नहीं है, फिर भी व्यवहारतः प्रतीत्यसमुत्पन्न स्कन्ध सापेक्ष सत्त्वों के हितार्थ निरन्तर चेष्टावान् आप अनाभोग और अविच्छिन्न कर्म करते हुए यावत्संसार विद्यमान रहेंगे। निर्वाणसंज्ञी श्रावक की भाँति निरोधसमापत्ति में आप कभी भी स्थित नहीं रहते।

उक्त अपेक्षित स्कन्ध भी माया, मरीचि, गन्धर्वनगर एवं स्वप्न की भाँति हैं—ऐसा आपने प्रत्ययतामात्र नय के माध्यम से प्रेक्षावान् विनेयजनों को बोधित किया है।

जो धर्म हेतु-प्रत्ययों की अपेक्षा से उत्पन्न होते हैं और हेतु-प्रत्ययों के विना जिनका उत्पाद सम्भव नहीं है, उनकी विद्यमानता प्रतिबिम्ब, प्रतिश्रुत्क आदि की भाँति कल्पना द्वारा प्रज्ञप्तिमात्र क्यों नहीं है? अर्थात् उनकी प्रज्ञप्तिमात्र सत्ता ही है।

रूप आदि बाह्य धर्मों के आरम्भिक आधार परमाणु हैं। यदि वे (परमाणु) चक्षु द्वारा ग्राह्य नहीं हैं तो उनसे निर्मित (आरब्ध) रूप आदि कैसे चक्षुर्ग्राह्य हो सकते हैं। अर्थात् नहीं हो सकते। यहाँ रूप आदि के अग्राह्य होने का जो प्रतिपादन किया गया है, वह रूप आदि की स्वभावसत्ता को देखने वालों के अभिनिवेश की निवृत्ति के लिए किया गया है। उसी प्रकार वेदनीय विषय शब्द आदि स्वभावत: सत् नहीं हैं, ऐसी स्थिति में उन (शब्द आदि) के ग्राहक और उनको इष्ट या अनिष्ट रूप में जानने वाले विषयी विज्ञान की भी स्वभावत: सत्ता नहीं है। यदि संज्ञा (नाम) और उसका अर्थ ये दोनों अभिन्न हैं, उदाहरणार्थ 'अग्नि' यह नाम और ऊष्मा उसका अर्थ ये दोनों अभिन्न हैं, अर्थात् उनमें व्यावृत्तित: भी भिन्नता नहीं है तो अग्नि इस नाम के उच्चारण मात्र से मुखदाह का प्रसङ्ग होगा। यदि ये नाम और अर्थ दोनों असम्बद्ध रहते हुए सर्वथा भिन्न हैं तो अग्नि नाम (संज्ञा) का उच्चारण करने पर भी उसके अर्थ ऊष्मा का बोध न होने का प्रसङ्ग होगा। अत: उन दोनों का स्वरूप एक होना और व्यावृत्तित: भिन्न होना तथा प्रतीत्यसमुत्पन्न होने के कारण माया की भाँति होना, हे सत्यवादिन् तथागत आपने प्रदर्शित किया है।

यदि विषय रूपादि का स्वरूप इस प्रकार का है तो इन (रूप आदि) के उपभोक्ता और ज्ञाता का स्वरूप क्या है?

हे शास्ता, आपने कर्ता और कर्म दोनों की स्थिति (विद्यमानता) परस्परापेक्षित होने के कारण उन (दोनों) की व्यवहारमात्र में विद्यमानता कही है। हेतुस्वरूप पाप (अकुशल) और पुण्य (कुशल) कर्मों के कर्ता तथा उनके फल सुख, दु:ख आदि के भोक्ता यद्यपि स्वभावत: सदा और सर्वथा नहीं हैं, फिर भी हेतुभूत पाप और पुण्य से प्रतीत्यसमुत्पाद नियम के अनुसार सुख, दु:ख आदि

फल उत्पन्न होते हैं। इन (हेतुफल) के नियत और भ्रान्तिरहित होने पर भी इन सब (पाप, पुण्य, सुख, दुःख, कर्ता, भोक्ता आदि) का स्वभावतः उत्पाद सर्वथा नहीं है, क्योंकि जो हेतु-प्रत्यय से उत्पन्न (प्रतीत्यसमुत्पन्न) होता है, वह वस्तुतः उत्पन्न नहीं होता—ऐसा चार प्रतिसंविदों के वशी अर्थात् प्रतिसंविदों को वश में रखने वाले वाक्पति आपने सुभाषित किया है।

कहाँ किया है? ऐसा प्रश्न होने पर 'अनवतप्तह्रदापसंक्रमण सूत्र में कहा है। तथाहि—

यः प्रत्ययैर्जायति स ह्यजातो
न तस्य उत्पादु समावतोऽस्ति।

(प्रसन्नपदा में उद्धृत, पृ० १०५)

[अर्थात् जो हेतु-प्रत्यय से उत्पन्न होता है, उसका स्वभावतः उत्पाद नहीं होता—इत्यादि]।

विषय रूप आदि को जाननेवाले विषयी ज्ञान की विना अपेक्षा किये उसके प्रमेय (रूप आदि) की स्थापना शक्य नहीं है, उसी तरह प्रमेय (विषय) की विना अपेक्षा किये उसको जाननेवाले विषयी विज्ञान की भी स्थापना शक्य नहीं है। इसलिए ज्ञान और ज्ञेय दोनों के सिद्धि परस्परापेक्षिकी है। अतः वे दोनों स्वभावतः सिद्ध नहीं हैं। हे भगवन्, ऐसा आपने कहा है।

यदि स्वभावतः सिद्ध लक्ष्य और लक्षण स्वरूपतः भिन्न हैं तो लक्ष्य निश्चय ही लक्षण से रहित हो जाएगा और इसी तरह वे दोनों यदि व्यावृत्तितः भी भिन्न नहीं हैं तो दोनों की परस्परापेक्षित व्यवस्था करना असम्भव हो जाएगा। अतः कोई भी धर्म स्वभावतः सिद्ध लक्ष्य, लक्षण, अभिधान, अभिधेय आदि नहीं होता, फिर भी प्रतीत्यसमुत्पाद के नियमानुसार माया की भाँति इन सबकी विद्यमानता आपने ज्ञानचक्षु के द्वारा देखी है, उसी प्रकार उपदेश देकर असंख्य प्राणियों की सन्तान में विद्यमान सबीज आवरणद्वय से उत्पन्न क्लेश और सन्ताप को आपने शान्त किया है। अतः ऐसे शास्ता की मैं स्तुति करता हूँ।

स्वभावतः सिद्ध वस्तुओं का उत्पाद कदापि नहीं होता। हेतु-प्रत्ययों से अनिर्मित अथवा हेतु-प्रत्यय से निरपेक्ष उत्पाद सम्भव नहीं है। अतः सभी वस्तुओं की न तो स्वतः सिद्ध सत्ता है और न उनका अत्यन्ताभाव ही है। उसी प्रकार हेतु

की अवस्था में जिस हेतु में अनभिव्यक्त रूप से कार्य विद्यमान होता है, उस हेतु से न तो स्वत: उत्पाद सम्भव है और न ही स्वभावत: सिद्ध पर अर्थात् अन्य हेतु से स्वभावत: सिद्ध अन्य फल उत्पन्न होता है। स्वत: और परत: पृथक्-पृथक् उत्पाद न होने पर उभयत: अर्थात् स्व और पर दोनों से उत्पाद होना भी सम्भव नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रश्न है कि स्वभावसत्ता मानने वालों के पक्ष में उत्पाद की व्यवस्था किस प्रकार की है? अर्थात् उत्पादव्यवस्था असम्भव है।

यदि कोई धर्म स्वभावत: सत् (विद्यमान) या स्थितिमान् है तो उसमें स्थिति होना भले ही युक्त हो, किन्तु हेतु-प्रत्ययों के द्वारा उसकी हानि (विनाश) या उसका लाभ होना किसी तरह युक्त न होगा। उसी प्रकार जिसका अत्यन्ताभाव (शशशृङ्गवत्) है, उसमें 'अस्थिति' (स्थित होना) भले ही युक्त हो, किन्तु उसका उच्छेद या विनाश होना कथमपि युक्त नहीं होगा। अर्थात् उनमें (सत् और असत् दोनों में) उत्पाद-विनाश की व्यावहारिक व्यवस्था किसी भी तरह सम्भव नहीं है।

भाव (वस्तु) और उसका विनाश दोनों असम्बद्ध होकर भिन्न अथवा अत्यन्त अभिन्न (एक) नहीं माने जाते। अन्यथा (यदि असम्बद्ध होकर भिन्न होंगे तो) भाव (वस्तु) नित्य हो जाएगा तथा दोनों अभिन्न (एक) होंगे तो भाव (वस्तु) का अत्यन्ताभाव हो जाएगा। वस्तुत: ये दोनों (भाव और उसका विनाश) व्यावृत्तित: भिन्न होने पर भी स्वभावत: अभिन्न या एक हैं। अत: वस्तुओं के उत्पाद और विनाश होते रहने की व्यवस्था युक्तियुक्त होती है। यदि इन दोनों में असम्बद्ध रहते हुए भिन्नता होगी, तो भाव का परिवर्तनशील या विनाशशील होना असम्भव हो जाएगा तथा यदि दोनों अभिन्न या एक होंगे तो भाव का विनाश उपपन्न होगा।

स्वभावत: विनष्ट हेतु से फल का उत्पाद युक्त नहीं है, उसी प्रकार स्वभावत: अविनष्ट हेतु से भी फल का उत्पाद सम्भव नहीं है। इसलिए अविनष्ट या विनष्ट हेतु से जो फलोत्पाद की प्रक्रिया चली आ रही है, वह सब हे भगवन्, आपके मतानुसार माया या स्वप्न की भाँति प्रतीत्यसमुत्पाद नियम के अनुसार होती है। फलत: सभी संस्कृत धर्मों का स्वरूप इसी प्रकार का है। इन सब तथ्यों को यथावत् देख कर अद्भुत शास्ता आपने सम्पूर्ण जगत् का उत्पाद व्यवहार में कल्पना द्वारा प्रज्ञप्तिमात्र कहा है। अपरिवर्तनशील नित्य धर्मों में ही केवल संसार,

निर्वाण आदि की समस्त व्यवस्था असम्भव है, अपितु परिवर्तनशील अनित्य धर्मों में भी स्वभावत: सिद्ध संसार आदि की व्यवस्था सर्वथा युक्त नहीं है। अत: सम्पूर्ण जगत् में जो भी आभासित या समुत्पन्न धर्म हैं। अर्थात् संसार और निर्वाण की जो भी स्थितियाँ हैं, उन सबका माया की भाँति प्रज्ञप्तिमात्र के रूप में होना आपने कहा है। इस तथ्य से वे अतीत नहीं हैं। दु:खद फल देने वाले हेतु (समुदय) अर्थात् कर्म और उनके फल का उपभोग आदि अविसंवादात्मक रूप से होते हैं। अर्थात् उन कर्मों को संचित करनेवाले जो कर्ता हैं, उन दुष्कर्मों के परिणाम से वे अतीत नहीं हैं। फिर भी इस नियम (धर्मता) से विमुख कुछ तैर्थिक (बौद्धेतर) तार्किक लोग उनका निर्हेतुक उत्पाद या सृष्टिकर्ता (ईश्वर) द्वारा उत्पाद मानते हैं। अतिविशिष्ट शास्ता आपने तो उनका परस्पर की अपेक्षा अर्थात् प्रतीत्यसमुत्पाद नियम से उत्पन्न होना कहा है। जो प्रतीत्यसमुत्पन्न हैं, वे सब पूर्णतया स्वभावत: सिद्धि से शून्य हैं। फलत: किसी भी धर्म में स्वभावत: सिद्ध धर्मता अणुमात्र भी नहीं है—ऐसा हे अद्वितीय शास्ता आपने दशों दिशाओं में निर्भय होकर अतुलनीय सिंहनाद (उद्घोष) किया है।

सत्यत: सिद्ध के रूप में अभिनिवेश करनेवाले संकल्पों (वितर्क, विचार आदि) के समस्त प्रपञ्चों का परित्याग (प्रहाण) करने के लिए उनके प्रतिपक्ष के रूप में आपने अमृतरूपी गम्भीर शून्यता का विस्तार के साथ उपदेश दिया है। यदि उस प्रतिपक्ष शून्यता के प्रति भी स्वत: सिद्ध के रूप में अभिनिवेश किया जाता है तो औषधि के विष हो जाने जैसा अथवा जल में उष्णता हो जाने जैसा होगा और ऐसी शून्यतादृष्टि अचिकित्स्य अर्थात् जिसका निवारण करना कठिन है—ऐसी दृष्टि हो जाएगी। ऐसी दृष्टि सर्वथा गर्हणीय एवं परित्याज्य कही गई है। आचार्य (नागार्जुन) ने भी अन्यत्र कहा है—

शून्यता सर्वदृष्टीनां प्रोक्ता नि:सरणं जिनै: ।
येषां तु शून्यतादृष्टिस्तानसाध्यान् बभाषिरे ।।[१]

[अर्थात् जिन तथागतों ने सभी दृष्टियों के परित्याग करने के लिए शून्यता का उपदेश किया है। जिनमें उस शून्यता के प्रति भी स्वभावत: सिद्ध दृष्टि है, वे लोग सर्वथा असाध्य (जिनका उद्धार करना कठिन है—ऐसे) हैं।]

१. द्र०–मूलमाध्यमिककारिका, १३:८ ।

गौण (निरीह) एवं निर्जीव बाह्य वस्तुएं तथा आभ्यन्तर क्लेश और कर्मों के वशीभूत सत्त्व—ये सभी स्वभावतः शून्य होने पर भी माया की भाँति प्रतीत्यसमुत्पन्न होते हैं। इसलिए संक्षेप में आपने बाह्य और आन्तरिक समस्त धर्मों को स्वभावतः असिद्ध प्रदर्शित किया है। तत्त्व की स्थिति का नये सिरे से निर्माण कर भगवान् ने प्रतिपादन नहीं किया है। जो तथता या वस्तु की यथार्थ स्थिति है, उसका उत्पाद करना या उसका अपलाप करना किसी के द्वारा भी सम्भव नहीं है। पूर्व तथागतों ने भी उसी का यथावत् अनुष्ठान किया, उसी को यथावत् जाना और उसी का विनेय जनों को अविपरीत उपदेश किया। ठीक उसी प्रकार भगवान् शाक्यमुनि ने भी उसी को यथावत् जानकर दूसरों को उपदेश दिया है। जैसे कि भगवान् ने कहा है—

"अपितु खलु पुनः कुलपुत्र, एषा धर्माणां धर्मता; उत्पादाद् वा तथागतानाम् अनुत्पादाद् वा स्थितैवेषा धर्मता धर्मधातुस्थितिः, यदिदं सर्वधर्मशून्यता सर्वधर्मानुपलब्धिः"।[१]

[अर्थात् कुलपुत्र, यह धर्मों की धर्मता है। तथागत का उत्पाद हो अथवा न हो धर्मों की यह धर्मता तो स्थित ही है, जो कि धर्मधातुस्थिति है। यही सभी धर्मों की शून्यता और सभी धर्मों की अनुपलब्धि है।]

पृथग्जनभूमि से उत्कृष्ट आर्यभूमि में स्थित लोगों को भी भावनामार्ग के अभ्यास की अपेक्षा किये विना निर्निमित्त (शून्यता) अर्थ का ज्ञान भले ही हो जाए, किन्तु उसका परिपूर्ण ज्ञान नहीं हो पाता है, तब साधारण पृथग्जनों के बारे में तो कहना ही क्या है?। अतः इस विशिष्ट नय (महायान) में सत्यग्राह के प्रपञ्चों से रहित शून्यता और निर्निमित्त के मार्ग की भावना का अभ्यास किये विना मोक्ष पद की प्राप्ति सम्भव नहीं है। अतः अनुत्तर शास्ता आपके द्वारा इस अग्रयान (महायान) में गम्भीर और उदार मार्ग की सम्पूर्ण व्यवस्था का प्रतिपादन किया गया है और इसके द्वारा विनेय जनों की अभिलाषा की पूर्ति की गई है। इसी प्रकार आचार्य विरचित रत्नावलि आदि ग्रन्थों में भी कहा गया है।

सम्पूर्ण मार्गव्यवस्था के उपदेशक, स्तुति एवं सत्कार के उत्तम भाजन परम शास्ता भगवान् तथागत की शून्यता और प्रतीत्यसमुत्पाद के उपदेष्टा के रूप

---

१. द्र०-दशभूमकसूत्र, अष्टमी भूमि, पृ० ४३ (मिथिला विद्यापीठ, दरभंगा, १९६७)।

में आचार्य ने महाश्रद्धा से युक्त होकर स्तुति-रचना की है। इस शुभ कार्य से जो पुण्यसम्भार और ज्ञानसम्भार अर्जित हुआ है, उससे सम्पूर्ण जगत् सत्यग्राह रूपी बन्धन से मुक्त हो—ऐसी अन्त में परिणामना और प्रणिधान करते हुए स्तुति का समापन किया है।

२. निरौपम्यस्तव का सारांश

यावत् एवं यथावत् के समस्त धर्मों की वास्तविक स्थिति को यथावत् जाननेवाली सम्यग्दृष्टि से जो विपन्न है तथा अविद्या रूपी तिमिर पटल से ज़िनकी नेत्ररूपी बुद्धि आच्छन्न है, ऐसे जगत् के हित के लिए सर्वदा समुद्यत अनुत्तर शास्ता, जो सत्यत: सिद्ध वस्तु के सर्वथा अभाव अर्थात् नि:स्वभावता तत्त्व को यथावत् जाननेवाले हैं और जो उपमा (तुलना) एवं प्रतिपुद्गल से रहित है, उनकी ग्रन्थारम्भ में आचार्य (नागार्जुन) अवेत्यप्रसाद से युक्त होकर स्तुति एवं वन्दना करते हैं। तत्पश्चात् आचार्य ने किस तत्त्व का प्रतिपादन किया है, इस प्रश्न के बारे में आगे कहा जा रहा है।

जैसे कि सूत्रों में अनेकधा कहा गया है कि 'अदृष्टं तु परमं दृष्टम्' अर्थात् (स्वभावत:) न देखना ही श्रेष्ठ देखना है, तदनुसार जिस शास्ता ने स्वभावत: सिद्ध किसी वस्तु को नहीं देखा है, उस शास्ता (आप) की दृष्टि ही सर्वश्रेष्ठ दृष्टि है, क्योंकि यही समस्त धर्मों की वास्तविक स्थिति को यथावत् जानती है। निरपेक्ष एवं परमार्थत: नित्य और कूटस्थ कोई बोद्धव्य नहीं है तथा बोद्धा भी नहीं है। अत: इनकी व्यवस्था बिलकुल युक्त नहीं है। सापेक्ष एवं कृत्रिम बोद्धव्य धर्म तो अनन्त हैं। इन सबमें से परम दुर्बोध स्थल शून्यता के अर्थ को आश्चर्यजनक ढंग से बुद्धों ने साक्षात् रूप से जाना है।

हे शास्ता, आपने न किसी स्वभावसत् धर्म का उत्पाद किया है और न उसका निरोध किया है। सभी धर्म नि:स्वभाव होने में समान हैं। उस नि:-स्वभावतामूलक समता का आपने यथावत् अधिगम किया है। फलत: आपने अनुत्तर प्राप्तव्य बुद्धत्व नामक परम पद को प्राप्त किया है।

हे शास्ता, आपने पहले मार्गाभ्यास की अवस्था में भी दु:खों से पीड़ित सांसारिक जीवों की उपेक्षा कर केवल स्वयं की मुक्ति की अभिलाषा नहीं की। इस तरह आपमें हीन निर्वाण की इच्छा कभी उत्पन्न नहीं हुई। सांसारिक स्थान,

काय, उपभोग्य वस्तु आदि के प्रति अभिनिवेश के हेतु सभी निमित्त-आलम्बनों को दूर हटाकर आपने शान्त अप्रतिष्ठित निर्वाण का यथावत् अवबोध किया है। अत: संक्लेश और व्यवदान से सम्बद्ध सभी धर्म परमार्थत: धर्मता के गर्भ में एकरस हैं। धर्मधातु से अभिन्न उस प्रकृष्ट स्थिति को जिस ज्ञान ने जान लिया है, उस ज्ञान के अतिविशुद्ध और प्रपञ्चरहित होने में सन्देह ही क्या है।

हे प्रभो, आपने किसी देश और किसी काल में सत्यत: सिद्धस्वभाव धर्म को नीतार्थत: तो क्या व्यवहारत: (संवृतित:) भी एक अक्षर के परिमाणमात्र से भी नहीं कहा है, फिर भी आवश्यकता और प्रयोजन के अनुरूप विनेयजनों को मुक्तिमार्ग पर आरूढ करने के लिए नेयार्थत: और नीतार्थत: सद्धर्मों की महती वर्षा से पूर्णतया तृप्त किया है।

आकाश के समान विशाल चित्तवाले जिस शास्ता में स्कन्ध, आयतन और धातु में संगृहीत किसी भी धर्म के प्रति लेशमात्र भी आसक्ति नहीं है, उनमें हीन सास्रव धर्मों के प्रति अपेक्षा या उन पर निर्भरता बिलकुल भी नहीं है। उसी प्रकार जैसी सत्त्व संज्ञा (निमित्तग्रहण) राग, प्रतिघ एवं अविद्या आवरणों से युक्त प्राणियों में होती है, वैसी सत्त्वसंज्ञा की प्रवृत्ति आपमें सदा के लिए सर्वथा नहीं है, फिर भी त्रिविध दु:खों से दु:खित सत्त्वों के प्रति एकान्त महाकरुणा से युक्त होकर आप जगत्कल्याण के कार्य में अनाभोग और अविच्छिन्न कर्म करने से कभी विमुख नहीं होते।

हे प्रभो, लौकिक सुख-दु:ख, आत्मा की सत्ता-असत्ता, नित्य-अनित्य आदि कल्पनाजन्य दोषों से आपकी बुद्धि सर्वथा निर्लिप्त है। धर्मों के परमार्थ स्वरूप को सम्यग्-रूप से जाननेवाले आपने सभी धर्मों को यथार्थत: गमन, आगमन, संचय आदि सभी सांवृतिक प्रपञ्चों से रहित जाना है और स्पष्टतया कहा है। आप सर्वत्र (सभी धर्मों में) अनुगत हैं, फिर भी सत्त्वों की धातु, आशय, अधिमुक्ति आदि के अनुरूप प्राणियों की अर्थसिद्धि (हित) के लिए लोक में जन्म आदि ग्रहण करते हैं, फिर भी सत्यत: सिद्ध, निरपेक्ष, कूटस्थ के रूप में वह उत्पाद नहीं होता है। वस्तुत: (परमार्थत:) उत्पाद नहीं ही होता। अनेक लोकों में जन्म लेना, धर्मकाय प्राप्त करना आदि आपकी प्रतीत्यसमुपन्न लीलाएं वस्तुत: अचिन्त्य हैं। प्रतिश्रुत्का के समान यह जगत् स्वभावत: सिद्ध के रूप में एक, अनेक, उत्पाद, भङ्ग, स्तुति, निन्दा आदि का आधार नहीं बन सकता है। उसी

प्रकार शाश्वत, उच्छेद, लक्ष्य, लक्षण आदि से भी यह (जगत्) रहित है। आपने संसार और उसके क्रियाकलापों को स्वप्न, माया आदि के रूप में जाना है।

क्लेश और दोषों की मूल अविद्या और उसके द्वारा स्थापित बीजों का आपने समूल प्रहाण किया है। विशेषत: गम्भीर वज्रयान के उपायकौशल्य पर आश्रित होकर आपने क्लेशप्रकृति (स्वरूप) से भी विशिष्ट विषयी सहजज्ञान रूपी अमृत को अर्जित किया है। हे शास्ता, जिसके दर्शन से कभी तृप्ति नहीं होती, ऐसा लक्षणों और अनुव्यञ्जनों से विभूषित आपका काय भी सभी प्रपञ्च निमित्तों से रहित है तथा वस्तुत: वह (काय) अरूप के समान मनोमय (ज्ञानरूपी) काय के रूप में विशुद्ध मायाकाय है, जो मात्र आर्यों के ज्ञानचक्षु का ही गोचर होता है। यद्यपि साधारण जनों के आभास में वह (काय) रूपवान् की भाँति दृष्टिगोचर होता है, इतने मात्र से उन्हें शास्ता के विशुद्ध मायाकाय का साक्षात् दर्शन तो नहीं ही होता है, फिर भी लोकव्यवहार में 'दर्शन हुआ है'—ऐसा कहा जाता है। वस्तुत: आपके द्वारा प्रतिपादित सर्वाकारवरोपेत सद्धर्म के गम्भीर तत्त्व (प्रतीत्यसमुत्पाद या धर्मकाय) को अविपरीत देखने से ही तथागत आप देखे जाते हैं। फिर भी धर्मता या शून्यता की वास्तविक स्थिति द्वयाभासी बुद्धि द्वारा यथावत् ज्ञात नहीं होती। जैसे आर्यशालिस्तम्बसूत्र में कहा गया है—"**यो भिक्षवः, प्रतीत्यसमुत्पादं पश्यति, स धर्मं पश्यति, यो धर्मं पश्यति, स बुद्धं पश्यति**"[१]।

[अर्थात् हे भिक्षुओं, जो प्रतीत्यसमुत्पाद को देखता है, वह धर्म को देखता है। जो धर्म को देखता है, वह बुद्ध को देखता है]।

आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित अपने पञ्चक्रम ग्रन्थ में विशुद्ध मायाकाय की स्तुति जिस प्रकार की गई है, ठीक उसी प्रकार इस (प्रस्तुत) स्तोत्र में भी की गई है। जैसे—हे वज्रधर, आपके काय में सुषिरता बिलकुल नहीं है और कर्मविपाक जनित मांस, अस्थि एवं रुधिर (रक्त) भी नहीं है। यद्यपि आपका मनोमय काय (ज्ञानकाय) अरूपी (रूपरहित) और सर्वत्र अप्रतिहत है, फिर भी आकाश में इन्द्रधनुष की भाँति आपने उसे (काय को) लक्षणों और अनुव्यञ्जनों से विभूषित के रूप में उसे प्रदर्शित किया है।

---

१. द्र०-शालिस्तम्बसूत्र, पृ० १०१, महायानसूत्रसंग्रह प्रथम भाग (दरभंगा-संस्करण, १९६१)।

आपके काय में त्रिदोषजनित ४०४ रोगों में से कोई भी रोग नहीं है। काय के नव (९) द्वारों से प्रवाहित होनेवाली कोई भी गन्दगी (अशुचि) आपके शरीर में नहीं है तथा उसमें भूख और प्यास से उत्पन्न अनाह्लादकरी वेदना भी नहीं है। इन सबके नहीं होने पर भी हे शास्ता, आपने स्वयं द्वारा दृष्ट सम्यग् मार्ग पर समस्त लोक को आरूढ करने के लिए लोकव्यवहार के अनुकूल पिण्डपात के लिए जाना, औषधि-सेवन करना आदि लौकिक क्रियाओं का प्रदर्शन किया है।

हे पापरहित, आपने यद्यपि कर्म और क्लेशों के आवरणों का और उनकी वासनाओं का सर्वथा प्रहाण कर दिया है, फिर भी असमर्थ और पीड़ित प्राणियों पर अनुग्रह करने के लिए आपने छह वर्ष पर्यन्त कठोर तप करना, मानों हेय क्लेशों का शेष होना तथा उसके प्रतिपक्ष के रूप में मार्ग की भावना करना आदि अनेक लीलाएँ प्रदर्शित की हैं।

धर्मधातु जो नीतार्थ है, उसमें सर्वथा भेद नहीं है, अत: इस दृष्टि से तीनों यानों का भेद भी नहीं है, फिर भी संवृति जो नेयार्थ है, उसकी दृष्टि से उत्तम, मध्यम और अधम विनेय जनों को सद्धर्म (बुद्धशासन) में क्रमश: आरूढ करने के लिए हे तथागत, आपने तीन यानों की व्यवस्था का प्रतिपादन किया है।

हे तथागत नीतार्थ की दृष्टि से आपका धर्मकाय नित्य (अक्षय), स्थिर, अप्रतिहत एवं शिव (प्रपञ्चरहित) है, जिसमें विसदृश परिवर्तन और उच्छेद सदा सर्वथा नहीं होते, फिर भी नेयार्थ की दृष्टि से विनेय जनों के आशय की अपेक्षा से उपायकौशल्य के रूप में नित्यग्राह से ग्रस्त विनेय जनों पर अनुग्रह करने के लिए आपने सम्प्रति परिगृहीत कायमण्डलव्यूह का विघटन कर महापरिनिर्वाण प्रदर्शित किया है।

हे भगवन्, असंख्य और अपरिमित अन्य-अन्य लोकधातुओं में जन्मग्रहण, अभिसम्बोधि, धर्मचक्रप्रवर्तन, परिनिर्वाण आदि निर्माणकाय की द्वादश लीलाएं आपके द्वारा विनेय जनों के सम्मुख प्रदर्शित की जाती हैं। संसार और दुर्गति से त्राण पाने के अभिलाषी जनों तथा शास्ता और शासन के प्रति श्रद्धा और आदर रखने वाले विनेय जनों की दृष्टि का विषय बनाने के लिए ही इन लीलाओं का प्रदर्शन किया जाता है तथा जिस (विनेय जन) के लिए जो, जब और जिस प्रकार हितावह हो, उसे आप परिपूर्ण करने के लिए अचिन्त्य कर्म का प्रदर्शन करते हैं।

हे जगन्नाथ, आप संख्या और परिमाण से रहित अप्रमेय सत्त्वों के हित के लिए काय, वाक् और चित्त के द्वारा जो भी कर्म करते हैं, उसके पीछे आपके भीतर कोई विकल्प और प्रयत्न सर्वथा लेशमात्र भी नहीं होते। धर्मता (तत्त्व) में समाहित रहते हुए आप से जगत् के हित के लिए २७ बुद्ध कृत्य अनाभोग और अविच्छिन्न रूप से सर्वदा (अपने-आप) प्रवृत्त होते रहते हैं।

इस प्रकार शास्ता, भगवान् तथागत के अचिन्त्य, अप्रमेय, अनभिलाप्य गुणों के द्वारा परम श्रद्धा के साथ उनकी स्तुति और सत्कार रूपी पुष्प विकीर्ण किये गये हैं, उससे जो पुण्य कर्म निष्पन्न हुआ है, उस कुशलमूल से समस्त प्राणी भगवान् बुद्ध द्वारा उपदिष्ट परम गम्भीर एवं दुर्बोध शून्यता और प्रतीत्यसमुत्पाद के पात्र (भाजन) बन जाएँ। इस प्रकार प्रणिधान और परिणामना करते हुए आचार्य ने स्तुति का समापन किया।

३. अचिन्त्यस्तव का सारांश

जिस शास्ता ने प्रतीत्यसमुत्पन्न होने के कारण सभी धर्मों की जैसी स्वभावत: असिद्ध स्थिति है, वैसा सम्यक् रूप से जाना है, उस शास्ता का ज्ञान निश्चित रूप से अनुत्तर एवं असम है। अर्थात् वैसा ज्ञान अन्य शास्ताओं में नहीं है। उनका ज्ञान साधारण जनों का भी अगोचर है। इस प्रकार के अचिन्त्य एवं असम (अनुपम) गुणों से युक्त शास्ता की आचार्य नागार्जुन ने श्रद्धा से युक्त होकर वन्दना की है। तत्पश्चात् उन्होंने अचिन्त्यस्त्व के अभिधेय का भी इस प्रकार निर्देश किया है, जैसे—हे शास्ता, अपने सभी यानों में श्रेष्ठ महायान मार्ग पर आश्रित होकर जिस प्रकार सभी धर्मों की निरात्मक स्थिति को यथावत् जाना है, ठीक उसी प्रकार करुणा के वशीभूत होकर प्रेक्षावान् विनेय जनों को प्रकाशित भी किया है। इस कारण आपका अधिगम और देशना अद्वितीय हैं। आचार्य चोंखापा ने भी अपने 'प्रतीत्यसमुत्पादस्तुति सुभाषितहृदय' में इसी आशय को प्रकट करते हुए कहा है—

यं ज्ञात्वा भाषमाणस्य ह्यपूर्वे ज्ञानदेशने[१]।

---

१ द्र०-प्रतीत्यसमुत्पादस्तुतिसुभाषितहृदयम्, प्रथम कारिका, पृ० १ (तिब्बतीसंस्थान, सारनाथ-प्रकाशन, १९९४)।

अर्थात् धर्मों की यथवत् स्थिति को देखकर उपदेश करनेवाले (आप) के अधिगम और देशना दोनों ही अपूर्व हैं। अर्थात् आपसे पूर्व न किसी अन्य को ऐसा अधिगम हुआ है और न किसी ने ऐसी देशना की है। हे शास्ता, आपने हेतु-प्रत्यय तथा प्रज्ञाप्य-प्रज्ञापक आदि पर आश्रित होकर जो उत्पाद होता है, वह स्वभावतः अनुत्पाद है—ऐसा कहा है। इस तरह सभी धर्म स्वभावतः अनुत्पन्न होने के कारण प्रकृतितः शून्य हैं—ऐसा आपने प्रकाशित किया है। इसी तथ्य को आचार्य चोंखापा ने इस प्रकार व्यक्त किया है—

यद् यद्धि प्रत्ययायत्तं तत्तच्छून्यं स्वभावतः ।
इत्यस्माद् वचनाच्चित्रः को वा सद्देशनाविधिः[१] ।।

[अर्थात् जो जो प्रत्यय पर आश्रित होता है, वह सब स्वभावतः शून्य है। आप (भगवान् तथागत) के इस वचन से अधिक आश्चर्यजनक सदुपदेश की विधि अन्य क्या हो सकती है।]

जिस प्रकार प्रतीत्यसमुत्पन्न शब्द से प्रतिध्वनि उत्पन्न होती है और स्पष्ट सुनाई पड़ती है, उसी प्रकार माया और मरीचि की भाँति संसार निरन्तर प्रवृत्त होते रहता है, स्वभावतः सिद्ध के रूप में कथमपि नहीं प्रवृत्त होता।

यदि स्वप्न एवं माया, मरीचि, गन्धर्वनगर, प्रतिबिम्ब आदि अत्यन्त अजात (अनुत्पन्न) है। अर्थात् यदि उनका अत्यन्ताभाव है तो चक्षु, श्रोत्र आदि एवं रूप शब्द आदि सभी वस्तुओं की स्वभावरहितता के निदर्शन के लिए दृष्टान्त का ही अभाव हो जाएगा। अतः वे माया, मरीचि, स्वप्न आदि व्यवहार में प्रतीत्यसमुत्पन्न होकर विद्यमान हैं—ऐसा मानना चाहिए।

हे नाथ, जिस प्रकार आपने हेतु-प्रत्ययों की अपेक्षा से उत्पन्न धर्मों को कृतक (हेतु-प्रत्यय-कृत या संस्कृत) माना है, उसी प्रकार प्रत्ययसापेक्ष (प्रतीत्यसमुत्पन्न) इस सारे विश्व को आपने व्यावहारिक या सांवृतिक (अज्ञानजनित) स्वरूप से अनतीत कहा है। अतः जो भी अज्ञानजनित (सांवृतिक) हैं तथा वस्तुओं की यथार्थस्थिति को न जाननेवाले पृथग्जन भ्रान्तिवश जो कुछ कहते या करते हैं, वह सब कुछ खाली मुट्ठी के समान रिक्त,

---

१ द्र०-प्रतीत्यसमुत्पादस्तुतिसुभाषितहृदयम्, कारिका-५, पृ० ५ (केन्द्रीय उच्च तिब्बती संस्थान, सारनाथ-प्रकाशन, १९९४)।

तुच्छ एवं निरर्थक (तथ्य से परे) है और वस्तुस्थिति से विपरीत है—ऐसा आपने प्रकाशित किया है।

जब हेतु-प्रत्यय से उत्पन्न वस्तुएं (परमार्थत:) कभी उत्पन्न ही नहीं होतीं, तब इनका वर्तमान काल में स्वभावसत् होना, किसके क्षय (नाश) से अतीत होना और (कारणसामग्री) अपूर्ण होने की वज़ह से भविष्य में होनेवाली वस्तुओं का किसी कारण सामग्री की अपेक्षा करना आदि सारी व्यवस्थाएं कैसे स्थापित की जा सकती हैं। अर्थात् युक्त नहीं है।

हेतु-प्रत्ययसामग्री से उत्पन्न या संभूयसमुत्पन्न सभी वस्तुएं अपने (स्व) को हेतु बनाकर उत्पन्न नहीं होतीं। उसी प्रकार स्वभावत: सत् 'पर' (अन्य) हेतु से भी स्वभावत: सिद्ध फल के रूप में उत्पन्न नहीं होतीं। स्व एवं पर से पृथक्-पृथक् उत्पाद नहीं होने से उभय (दोनों) से भी उनका उत्पाद सम्भव नहीं है। अत: वस्तुओं का न तो स्वभावसत् हेतु से उत्पाद होता है और न व्यवहारत: असत् (अलीक) हेतु से उत्पाद होता है। अत: उभयात्मक (स्वभावत: सत् और अलीक) हेतु से भी उत्पाद नहीं होता। अहेतुत: भी उत्पाद सम्भव नहीं है। अत: वस्तु न सत् है, न असत् है और न सदसत्। इस तरह वह चतुष्कोटिविनिर्मुक्त है। ऐसी स्थिति में किसका उत्पाद होता है। अर्थात् किसी का भी उत्पाद युक्त नहीं है। इस (चतुष्कोटिक उत्पाद) से विपरीत प्रतीत्यसमुत्पाद अर्थात् मायावद्-उत्पाद की व्यवस्था अत्युत्तम एवं युक्तिसंगत है। चार अन्तों (कोटियों) से रहित धर्मों में व्यावहारिक (सांवृतिक) उत्पाद अर्थात् प्रतीत्यसमुत्पाद युक्त होने पर भी स्वभावत: उत्पाद सदा सर्वथा युक्त नहीं है। व्यावहारिक (प्रतीत्यसमुत्पन्न) 'स्व' होने पर उसकी अपेक्षा से 'पर' (अन्य) और इन (स्व-पर) से अतिरिक्त तथा इनके विपरीत की भी व्यवस्था की जा सकती है, क्योंकि वे सभी परस्पर सापेक्ष प्रतीत्यसमुत्पन्न मात्र ही है।

यदि धर्म (वस्तुएं) निरपेक्ष अथवा अकृत्रिम होंगे तो किसी पर आश्रित होकर किसी का उत्पाद अर्थात् हेतु-फल व्यवस्था या प्रज्ञाप्य-प्रज्ञापक आदि सारी व्यवस्था असम्भव हो जाएगी। उदाहरणार्थ अपेक्षा के आधार दीर्घ, स्थूल आदि ही यदि अलीक होंगे तो उनकी अपेक्षा से लघु, सूक्ष्म आदि की स्थापना नहीं की जा सकेगी। ठीक इसी प्रकार सद्-असद्, एक-अनेक, अतीत-अनतीत, संक्लेश-व्यवदान, सम्यक्-मिथ्या, स्व-पर आदि सभी व्यवस्थाओं का

परस्परापेक्षिक के रूप में विद्यमान होना तथा स्वभावत: सिद्ध के रूप में सदा सर्वथा नहीं होना हे नाथ, आपने कहा है। संक्षेप में सभी धर्म प्रारम्भ से सत्यत: सिद्धि आदि सारे प्रपञ्चों से रहित होने के कारण आदिशान्त, प्रकृतिपरिनिर्वृत्त, परमार्थत: (स्वभावत:) अनुत्पन्न हैं। इस कारण समस्त धर्म माया की भाँति प्रतीत्यसमुत्पन्न मात्र के रूप में विद्यमान हैं—ऐसा कहा गया है।

अनुत्तर और अद्‌भुत बल-बुद्धि से सम्पन्न शास्ता, आपने रूप आदि सभी धर्मों को फेन (झाग), बुद्‌बुद् (बुलबुले), माया, मरीचि, गन्धर्वनगर एवं कदलीस्तम्भ आदि की अनेक उपमाओं के माध्यम से नि:सार, तुच्छ एवं नि:-स्वभाव प्रकाशित किया है। यदि साधारण बाल-पृथग्जनों को इन्द्रियों के द्वारा जिस प्रकार धर्म अवभासित होते हैं, यदि वही धर्मों की वस्तुस्थिति (तथता) है तो बाल-पृथग्जनों के तत्त्ववित् हो जाने का प्रसङ्ग होगा और आर्यों के सम्यक् प्रत्यवेक्षण ज्ञान के निरर्थक होने का दोष होगा।

पृथग्जनों द्वारा तत्त्व (अर्थ) को न जानने का कारण यह है कि उनकी इन्द्रियाँ जिस प्रकार जड, अप्रमाण हैं उसी प्रकार वे अव्याकृत और विपरीत ज्ञान पैदा करनेवाली हैं। फलत: पृथग्जन इन्द्रियों के द्वारा धर्मों की यथार्थ स्थिति (तथता) को कैसे जान सकेंगे? अर्थात् नहीं जान सकेंगे। इसलिए यथाभूत को सम्यक् रूप से जाननेवाले शास्ता आपने लोक को अज्ञान आवरण से आवृत सन्तानवाला कहा है।

अनुत्तर शास्ता आपने धर्मों को सत्यत: सिद्ध समझने को शाश्वत दृष्टि तथा व्यवहार में धर्मों को खपुष्वत् अलीक समझने को उच्छेददृष्टि कहा है। इसलिए आपने दोनों (शाश्वत और उच्छेद) अन्तों से रहित सद्धर्म अर्थात् मध्यम मार्ग की देशना की है। इसलिए तथागत, आपने सभी धर्मों को सत्, असत्, सदसत् आदि चारों कोटियों से विनिर्मुक्त कहा है। फलत: उस तात्त्विक अर्थ (तथता) को आर्यज्ञान के अतिरिक्त अन्य साधारण ज्ञान द्वारा यथावत् जान पाना असम्भव है। इसलिए उसे (तथता) को क्लेश बन्धनों से विमुक्त आर्य जनों का गोचर (विषय) कहा गया है। निष्कर्षत: सत्त्व और भाजन अर्थात् स्थिर और चल समस्त जगत् को आपने स्वप्न, इन्द्रजाल और द्विचन्द्रदर्शन के समान उत्पन्न हैं—ऐसा कहा है। उनका स्वभावत: निरपेक्ष और वास्तविक उत्पाद नहीं है—ऐसा आपने यथावत् देखकर ही कहा है।

वस्तुओं का उत्पाद, भङ्ग स्थिति तो स्वप्न में पुत्र के उत्पाद, स्थिति और नष्ट होने की भाँति है। अर्थात् उनका स्वभावत: उत्पाद, स्थिति और भङ्ग नहीं होते। फिर भी भगवन्, आपने लौकिक आशय के अनुरूप नेयार्थ की अभिसन्धि से व्यवहार में उनका विद्यमान होना कहा है। चेतन-सन्तति से अगृहीत बाह्य वस्तुओं में स्वप्न की भाँति उत्पाद, स्थिति, भङ्ग विद्यमान हैं, उसी प्रकार चेतना द्वारा गृहीत सन्तति में दु:ख, संसार आदि संक्लेश पक्ष, उनके हेतु (समुदय) कर्म एवं क्लेश एवं इनके प्रतिपक्ष व्यवदान अर्थात् ज्ञान और पुण्य सम्भारद्वय तथा मोक्ष आदि सभी स्वप्न के समान कहे गये हैं।

उत्पाद और अनुत्पाद, गमन और आगमन, बद्ध और मुक्त आदि के प्रति द्वयाभासी बुद्धि द्वारा अभिनिवेश हो सकता है, किन्तु सम्यग् अर्थ के ज्ञाता आर्य के ज्ञान में द्वैताभास होना सम्भव नहीं है। किसी भी विषय का स्वभावत: सिद्ध उत्पाद एवं निरोध नहीं है। सभी धर्म मायागज की भाँति हैं। नीतार्थत: वे सभी आदिशान्त हैं। अत: सभी वस्तुएं संवृति (व्यवहार) में मायागज की भाँति उत्पन्न होती हैं। वस्तुत: उनका अनुत्पाद ही है।

अपरिमित लोकनाथों द्वारा असंख्येय और अप्रमेय पुण्यवान् विनेय जनों को अन्तिम प्राप्तव्य अप्रतिष्ठितनिर्वाण में प्रतिष्ठित किया गया है। अत: उन्होंने किसी भी योग्य विनेय जन को बिना विचारे उपेक्षा की वज़ह से मुक्त (निर्वृत्त) नहीं किया हो—ऐसा सर्वथा नहीं है। हे महामुनि, जो निर्वाण प्राप्त करते हैं, वे सत्त्व सदा और सर्वथा जब स्वभावत: उत्पन्न ही नहीं है, तब किसी के द्वारा कोई सत्त्व परमार्थत: मुक्त ही नहीं किया गया है—ऐसा आपने कहा है। यदि ऐसा नहीं है और सत्त्व स्वभावत: सिद्ध है तो उसके निश्चय ही हेतु-प्रत्यय-निरपेक्ष और अकृत्रिम होने तथा तथागत की कृपा से अतिक्रान्त होने का प्रसङ्ग (सम्भावना) होगा।

जैसे मायाकार द्वारा निर्मित वस्तु (स्वभावत:) शून्य होती हैं, उसी तरह अन्य कृतक (निर्मित) वस्तुएं या वस्तुत: सम्पूर्ण जगत् स्वभावत: शून्य है। इसी तरह विशिष्ट कर्ता (कारक) और उसके कार्य तथा उनके अन्य हेतु सभी स्वभावत: शून्य हैं। उन (वस्तुओं) का व्यवहार में प्रतीत्यसमुत्पन्न के रूप में उत्पाद होता है। अन्यथा उनकी अनन्तता और अनवस्था होने का प्रसङ्ग होगा। सभी धर्म स्वभावत: असिद्ध और नाममात्रत: सिद्ध हैं—ऐसी हे शास्ता, आपने

उच्च स्वर से घोषणा की है। वस्तुतः अभिधान भी स्वभावतः अभिधेय (उसके विषय) से पृथग्भूत नहीं है। सभी धर्म कल्पनामात्र हैं। जिस बुद्धि द्वारा समस्त धर्म शून्य के रूप में अवबोधित होते हैं, वह बुद्धि (कल्पना) भी स्वभावतः सत् नहीं है। सभी धर्म (अर्थात् नाम और कल्पना तथा उनके विषय) कल्पना द्वारा प्रज्ञप्तमात्र कहे गये हैं। भाव, अभाव, उभय (भावाभाव) और उनसे अतीत अर्थात् अनुभय एवं उनसे अनतीत तथा ज्ञान और ज्ञेय कहीं कुछ भी स्वभावतः सिद्ध नहीं है तथा व्यवहारतः उनका अत्यन्ताभाव भी नहीं है।

कोई भी धर्म (सत्यतः सिद्ध) एक नहीं है और न अनेक है तथा उभय और अनुभय भी नहीं है। सभी धर्म अनाश्रय, अव्यक्त (अस्फुट), अचिन्त्य और अनिदर्शन हैं। अतः ये सभी (धर्म) आकाश की भाँति स्वभाव से विविक्त (रहित) और प्रतीत्यसमुत्पाद के नियम से अतीत नहीं हैं। उसी की भाँति सद्धर्म और उसके उपदेष्टा तथागत भी प्रतीत्यसमुत्पन्न अथ च शून्य हैं। यह स्थिति तो धर्मों की वास्तविक स्थिति और परमार्थ है। यही स्थिति तथता एवं वास्तविक द्रव्य के रूप में विद्यमान है। इस अर्थ में सदा और सर्वथा विसंवाद बिलकुल नहीं है। जिस व्यक्ति ने उस प्रकृष्ट बोद्धव्य का यथावत् बोध कर लिया है, उसे ही बुद्ध कहा जाता है।

बुद्धों की सन्तान में विद्यमान स्वभावकाय और सत्त्वों (प्राणियों) की सन्तान में विद्यमान प्रकृतिगोत्र अर्थात् चित्तधर्मता इन दोनों में नीतार्थतया (वस्तुतः) कुछ भी भेद (अन्तर) नहीं है। इसीलिए अर्थात् इसी तथ्य के मद्देनज़र आपके द्वारा स्व और पर में समता मानी गई है। वस्तुओं की प्रकृष्टतम प्रकृति तो शून्यता के अलावा अन्य कुछ नहीं है। शून्यता के बिना वस्तु कथमपि नहीं है। इसलिए आपने प्रतीत्यसमुत्पन्न समस्त भावों (वस्तुओं) को स्वभावतः शून्य कहा है। संवृति तो हेतु-प्रत्यय से उत्पन्न और परतन्त्र है। अतः सभी (हेतु-प्रत्यय से उत्पन्न) धर्म परतन्त्रस्वभाव हैं। यथावस्थित परमार्थ यद्यपि प्रतीत्यसमुत्पन्न (सापेक्ष) है, किन्तु हेतु-प्रत्यय निर्मित नहीं है।

वह परमार्थ (परिनिष्पन्न-)स्वभाव, (सभी धर्मों की) प्रकृति, तत्त्व (तथता) द्रव्य, वस्तु और सत् (विद्यमान) है। कल्पना द्वारा आरोपित परिकल्पित-स्वभाव धर्म बिलकुल ही (सर्वथा) नहीं हैं तथा हेतु-प्रत्यय से समुत्पन्न परतन्त्र-स्वभाव धर्मों की (व्यावहारिक) सत्ता अवश्य होती है। विकल्प

(विपरीत बुद्धि) द्वारा समारोपित अर्थ (वस्तु) की सत्ता मानना शाश्वत-दृष्टि है तथा हेतुभूत कृतपुण्य और कृतपापों के संचय से क्रमशः सुख और दुःख रूपी फल का उत्पाद न मानना उच्छेद-दृष्टि है। तत्त्वज्ञान अर्थात् सम्यग् अर्थबोध हो जाने पर अपवादिका अछेद-दृष्टि और समारोपिका शाश्वत-दृष्टि का प्रहाण हो जाता है। स्थिर और चल अथवा सत्त्व और भाजन समस्त धर्म या सम्पूर्ण जगत् स्वभावतः सत्स्वरूप शाश्वत नहीं है और अत्यन्ताभावस्वरूप उच्छेदस्वभाव भी नहीं है। अर्थात् सम्पूर्ण जगत् वस्तुशून्य और मृगमरीचिकासदृश है।

जिसके मत में किसी धर्म का प्रतीत्यसमुत्पाद अर्थात् सापेक्ष उत्पाद होता है तो उसका उच्छेद (विनाश) भी अवश्य होता है। लोक का यद्यपि पूर्वान्त नहीं है, किन्तु अपरान्त होता है, अतः संसार सान्त होता है। अतः सब कुछ परस्पर सापेक्ष है। ज्ञान (ज्ञापक या विषयी) के होने पर ज्ञेय (ज्ञाप्य या विषय) होता है, उसी प्रकार ज्ञेय होने पर ज्ञान होता है। अतः जब ज्ञान और ज्ञेय दोनों के (स्वभावतः) अनुत्पाद का बोध हो जाता है, तब (उस समय) तात्त्विक दृष्टि की अपेक्षा से ज्ञान, ज्ञेय आदि किसी का भी स्वभावतः अस्तित्व सम्भव नहीं है।

इस प्रकार सम्पूर्ण प्राणियों की चित्तसन्तति में विद्यमान क्लेश (राग, द्वेष) रूपी रोगों का निवारण करने के लिए परम भिषग्राज शाक्यसिंह ने सभी धर्मों को माया, मरीचि आदि दृष्टान्त द्वारा निःस्वभाव कह कर जिस सद्धर्म की देशना की है, वह (सद्धर्म) सभी कुदृष्टियों (रोगों) के निवारण हेतु परम औषधि है। भगवान् ने जिस निःस्वभावता की विस्तारपूर्वक देशना की है, वह परम तत्त्व है। अतः भवग्राह (भावाभिनिवेश अर्थात् वस्तुओं की सत्ता के प्रति आग्रह) से ग्रस्त लोगों की सन्तति में विद्यमान क्लेशरूपी रोगों की शान्ति की वह उत्तम चिकित्सा है।

इस प्रकार उस तत्त्व (निःस्वभावता) का उपदेश देना त्रिविध दानों में परम विशिष्ट दोषरहित, निर्मल धर्मदान ही है। इसीलिए सर्वदा अविच्छिन्न रूप से आपने तीनों लोकों में संगृहीत समस्त जगत् के दोषों और क्लेशों को जलाकर समूल उच्छेद करनेवाले धर्मयज्ञ का अनुष्ठान किया है। अतः आप धर्मयाज्ञिक हैं। इसी तरह भवग्राह अर्थात् वस्तुग्राह से भयभीत, व्याकुल लोगों को भय से निर्मुक्त करने वाले और कुतैर्थिक (बौद्ध मत को न मानने वाले) लोगों को भयभीत करनेवाले नैरात्म्य रूपी अद्भुत सिंहनाद का आपने दशों दिशाओं में गर्जन किया

है। जागतिक रोग और दु:ख को शान्त करने की उपायभूत बुद्धशासनामृत रूपी सद्धर्मसम्पत्ति का बिना भेदभाव आपने वितरण किया है। वह (सद्धर्मसम्पत्ति) तो सभी धर्मों की यथार्थ-स्थिति अर्थात् शून्यता ही है तथा वही नीतार्थ है अर्थात् उसे यथाशब्द (शब्दश:) स्वीकार किया जा सकता है—ऐसा भगवान् ने विनेय जनों को आश्वस्त किया है।

इसी प्रकार बाह्य-आभ्यन्तर सभी धर्मों के उत्पाद, निरोध आदि तथा सत्त्व, जीव आदि की जो देशना है, वह संवृति या व्यवहार के वश से की गई है अर्थात् वह नेयार्थ देशना है। तात्पर्य यह है कि उसका विनेय जनों को संसार से विमुख कर धर्माभिमुख करने के लिए संवृत्या (नेयार्थ के रूप में) प्रतिपादन किया गया है।

नेयार्थ और नीतार्थ धर्मों के उपदेष्टा भगवान् बुद्ध न केवल अतिगम्भीर और उदार इन दो सत्यों में या उपाय और प्रज्ञा में अथवा दो सम्भारों में संगृहीत गम्भीर प्रज्ञापारमिता रूपी महासागर से ही पारंगत हैं, अपितु उदार, उपाय या पुण्यसम्भाररूपी गुणरत्नों से भी सुसमृद्ध हैं। अत: नाथ (भगवान् तथागत) आप दो सम्भारों में संगृहीत समस्त गुणों से पूर्णतया सुसम्पन्न, पारंगत और अद्वितीय (एकमात्र) शरण हैं।

अत: जिसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती, ऐसे अनिदर्शन, जिनके गुणों की इयत्ता साधारण जनों की गोचर नहीं है, इस प्रकार अचिन्त्य और स्तुतियोग्य जगन्नाथ भगवान् तथागत आपकी मेरे (आचार्य नागार्जुन) द्वारा जो श्रद्धा और उत्साह के साथ स्तुति की गई है, उससे जो पुण्य प्राप्त हुआ है, उस (पुण्य) से समस्त जगत् (प्राणिमात्र) सम्यक्सम्बुद्ध के समान हो जाए—ऐसा प्रणिधान और परिणामना की गई है और इसी के साथ ग्रन्थ समाप्त होता है।

४. परमार्थस्तव का सारांश

लोकातीत और लोकान्तर्गत किसी भी धर्म का स्वभावत: सिद्ध न उत्पाद है और न भङ्ग है, अत: हे नाथ, आप भी स्वभावत: अनुत्पन्न और अनिरुद्ध हैं तथा सभी लौकिक उपमाओं से अतीत और शब्द तथा कल्पनाओं की गोचरता से भी सर्वथा (अत्यन्त) अतीत हैं। अत: ऐसी स्थिति में आपकी कैसे स्तुति की जा सकती है? अर्थात् स्तुति करना अत्यन्त कठिन है।

तथागत का यथार्थ स्वरूप जैसा भी हो, उस यथार्थ स्थिति (तथता) के साक्षात् द्रष्टा आचार्य नागार्जुन के अधिगमज्ञान के द्वारा लोक में जैसे प्रज्ञप्ति या व्यवहार किया जाता है, उस अवस्था में स्थित रहते हुए उस तथतास्वरूप तथागत की परम श्रद्धा के साथ स्तुति की जाएगी—ऐसा उपोद्घात किया गया है।

जिस प्रतीत्यसमुत्पाद में सांवृतिक दृष्टि से उत्पाद, भङ्ग, शाश्वतता (निरन्तरता), उच्छेद, नित्यता, अनित्यता, विभिन्नवर्ण, ह्रस्व, दीर्घ आदि परिमाण आदि का यद्यपि ग्रहण किया जाता है, फिर भी निरुत्तर शास्ता भगवान् बुद्ध के अनास्रव समाहित ज्ञान के सम्मुख या उसके विषय की दृष्टि से उत्पाद आदि नहीं होते हैं, अतः अनुत्पाद आदि को उस (प्रतीत्यसमुत्पाद) के विशेषण के रूप में जोड़ा गया है। उस अनास्रव समाहित ज्ञान के विषय को अधिकृत करके हे मुनीन्द्र, आपने गमन, आगमन आदि नहीं हैं—ऐसा कहा है। उसी प्रकार भाव, अभाव, नित्य, अनित्य आदि द्वैत प्रपञ्च भी उस ज्ञान के विषय के रूप में नहीं है। उसी प्रकार रक्त, हरित, आदि वर्ण-प्रपञ्च, महान्, ह्रस्व आदि परिमाण (आकार), आकाश, पाताल, संस्कृत, असंस्कृत, संसार, निर्वाण आदि भी परमार्थतः स्थित नहीं हैं।

उपर्युक्त उत्पाद, निरोध आदि ये सब व्यवहार में विद्यमान हैं, अतः 'आर्यज्ञान की दृष्टि से' इस विशेषण को जोड़े विना निषेध करना युक्त नहीं है। 'आर्यज्ञान की अपेक्षा से' जो यह विशेषण जोड़ा गया है, वह मूलमाध्यमिक-कारिका की आचार्य चन्द्रकीर्ति कृत टीका (प्रसन्नपदा) के अभिधेय को जो आचार्य चोंखापा ने अपनी महाटीका में सुस्पष्ट निरूपित किया है, उसी के आधार पर यहाँ उसका उल्लेख किया गया है और उसका अनुसरण किया गया है।

धर्मधातु (शून्यता) से अविचलित, अतिगम्भीर धर्मकाय को प्राप्त हे नाथ, आपको काय, वाक्, चित्त (तीन द्वारों) से आदरपूर्वक नमन करते हुए अनास्रव समाहित ज्ञान के विषय अर्थात् परम गम्भीर परमार्थ के रूप में आपकी स्तुति की जाए अथवा चाहे द्वैताभासी बुद्धि के विषय अर्थात् स्वभावतः सिद्ध के रूप में आपकी स्तुति की जाय। किन्तु द्वैताभासी बुद्धि के स्वतः सिद्ध विषय के रूप में आप विद्यमान नहीं हैं। सभी धर्म शून्य हैं, फलतः कौन स्तुत होता है और किसके द्वारा स्तुति की जाती है? अतः स्वतः सिद्ध के रूप में आपकी श्रद्धावान् किसी स्तुतिकर्ता के द्वारा स्तुति करना सम्भव नहीं है। क्योंकि स्वभावतः सिद्ध के

रूप में उत्पाद, भङ्ग, आदि, मध्य, अन्त, ग्राह्य, ग्राहक, गमन, आगमन आदि द्वैतों से आप रहित हैं।

अथवा प्रसन्नपदा के अभिधेय के अनुसार अनास्रव, समाहित ज्ञान के विषय के रूप में, जो उपर्युक्त सभी द्वैतों से रहित है, उस स्वरूप में स्तुति की जाए, किन्तु अविद्या तिमिर के द्वारा जिनका बुद्धिरूपी चक्षु ग्रस्त है, उन लोगों के द्वारा समुचित रूप से यथावत् स्तुति कर पाना सम्भव नहीं है।

परम गम्भीर तथता के अर्थ को यथावत् जाननेवाले निर्मलज्ञानचक्षुष्क आचार्य नागार्जुन द्वारा परमार्थ अर्थात् यथास्थिति के अनुरूप भगवान् तथागत की जो स्तुति की गई है, उससे प्राप्त पुण्य के द्वारा जगत् का अविद्यातिमिर से ग्रस्त बुद्धि रूपी चक्षु विनष्ट हो जाए और वह तत्त्व का यथावत् बोध कर तथागत लोक में पहुँच जाए—ऐसा प्रणिधान करते हुए परमार्थस्तुति समाप्त होती है।

।। भवतु सर्वमङ्गलम् ।।

•

ग्रन्थस्थ-संकेत विवरण བསྡུས་ཡིག་བརྡ་སྟོན། (Abbreviations)

क० - श्री दिव्यवज्रवज्राचार्य द्वारा सम्पादित, काठमाण्डू।

ख० - पं० जनार्दन पाण्डेय द्वारा सम्पादित, वाराणसी।

ग० - टोक्यो यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी, जापान। (SMTUL)

घ० - Buddhist Sanskrit Manuscripts, Microfilm Collection belonging to the Institute for Advance Studies of World Religions, USA (IASWR) पत्र सं० १४

སྡེ། - སྡེ་དགེ་པར་མ།

ཅོ། - ཅོ་ནེ་པར་མ།

སྣར། - སྣར་ཐང་པར་མ།

པེ། - པེ་ཅིང་པར་མ།

གསེར་བྲིས། - དགའ་ལྡན་གསེར་བྲིས་པར་བཤུས།

RAK - Rāṣtriya Abhilekhālaya, Kathmandu, Nepal.

IASWR - Buddhist Sanskrit Manuscripts, Microfilm Collection belonging to the Institute for Advance Studies of World Religion, USA.

SMTUL - A Catalogue of Sanskrit Manuscrits in the Tokyo University Library, Tokyo, Japan 1965.

MCBMDLJ - Microfilm Catalogue of Buddhist Manuscripts in Nepal, Vol. I, 1981 by Hidenobu Takaoka belonging to the Buddhist Library, Japan.

CABATON - Catalogue Sommaire des Manuscrits Sanscrits et Palis de la Bibliotheque Nationale, Par A. Cabaton, Ier Facicule. Manuscripts Sanscrits, Paris 1907.

मूलग्रन्थः གཞུང་དངོས་གཞི།

आचार्य नागार्जुन-प्रणीतः

चतुःस्तवः

(संस्कृत मूल, भोटपाठ एवं हिन्दी अनुवाद सहित)

༄༅། །སྟོན་པ་ཐུབ་པའི་དབང་པོ་ལ་ཟབ་མོ་སྟོང་དང་རྟེན་འབྱུང་གསུངས་
པའི་སྒོ་ནས་བསྟོད་པའི་བསྟོད་པ་རྣམ་པ་བཞི་
ཞེས་བྱ་བ་བཞུགས་སོ།།

མཛད་པ་པོ།— བདག་ཉིད་ཆེན་པོ་འཕགས་པ་ཀླུ་སྒྲུབ།

(ལེགས་སྦྱར་རྩ་གཞུང་དང་སྦྲགས་བོད་སྐད་དང་ཧིན་བསྒྱུར་ཤན་སྦྱར།)

अहो बुद्धनयं दिव्यमहो बोधिनयोत्तमम्।
अहो धर्मनयं शान्तमहो मन्त्रनयं दृढ़म्॥

(गुह्यसमाजतन्त्रम्, पटल-१३,पृ० ४८)

ཨེ་མའོ་སངས་རྒྱས་ཚུལ་རེ་བཟང་། |

ཨེ་མའོ་བྱང་ཆུབ་ཚུལ་གྱི་མཆོག། |

ཨེ་མའོ་ཆོས་ཀྱི་ཚུལ་རེ་ཞི། |

ཨེ་མའོ་སྔགས་ཀྱི་ཚུལ་རེ་བརྟན། |

གསང་འདུས་རྩ་རྒྱུད། (རྒྱུད། 'ཙ' ༡༡༣)

शास्तारं प्रणिपत्य गौतममहं तद्धर्मतावस्थितान्
सम्बुद्धान् सकलं जिनात्मजगणं धर्मं च तैर्भाषितम्।
चक्षुर्भूतमनन्तबुद्धवचनस्यालोचने देहिनाम्
योऽमुं मध्यमकं चकार कृपया नागार्जुनस्तं नमे॥

(चन्द्रकीर्तिकृतायाः प्रसन्नपदाया अन्तिमांशभूता मध्यमकशास्त्रस्तुतिः, पृ० १५५)

སྟོན་པ་གཽ་ཏམ་དང་ནི་དེའི་ཆོས་ལ་ཞུགས···
···རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་མཐའ་དག་དང་།།
རྒྱལ་བའི་སྲས་པོའི་ཚོགས་དང་དེ་དག་གིས་གསུངས····
···ཆོས་ལ་ཕྱག་འཚལ་ནས།།
སངས་རྒྱས་གསུང་མཐའ་ཡས་ལ་བལྟ་ཕྱིར···
···ལུས་ཅན་རྣམས་ཀྱི་མིག་གྱུར་དབུ་མ་ནི།།
གང་གི་ཐུགས་རྗེའི་སྒོ་ནས་མཛད་པའི···
···ཀླུ་སྒྲུབ་དེ་ལ་བདག་ནི་ཕྱག་འཚལ་ལོ།།

(དབུ་མ་ཚིག་གསལ་གྱི་མཛད་བྱང་གི་ཆ་ཤས། དབུ་མ། 'འ' ༣༠༠)

आचार्यनागार्जुनविरचितः

चतुःस्तवः

༄༅། །བདག་ཉིད་ཆེན་པོ་ཀླུ་སྒྲུབ་ཀྱིས་མཛད་པའི་

བསྟོད་པ་རྣམ་པ་བཞི་ཞེས་བྱ་བ་

བཞུགས་སོ།།

लोकातीतस्तवः

नमो मञ्जुश्रिये कुमारभूताय

འཇིག་རྟེན་ལས་འདས་པར་བསྟོད་པ།

འཕགས་པ་འཇམ་དཔལ་གཞོན་ནུར་གྱུར་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།།

लोकातीत! नमस्तुभ्यं विविक्तज्ञान[1]वेदिने ।
यस्त्वं जगद्धितायैव खिन्नः करुणया चिरम् ॥ १ ॥

དབེན་པའི་ཡེ་ཤེས་རིག་གྱུར་པ། །
འཇིག་རྟེན་འདས་ཁྱོད་ཕྱག་འཚལ་འདུད། །
གང་ཁྱོད་འགྲོ་ལ་ཕན་པའི་ཕྱིར། །
ཡུན་རིང་ཐུགས་རྗེས་ངལ་བར་འགྱུར། །༡

1. ग-ज्ञाय।

हे लोकातीत, विविक्त (शून्यता) ज्ञान को जाननेवाले आपको नमस्कार है। जो आप करुणा की वजह से जगत् के हित के लिए ही हमेशा खिन्न रहते हैं।

स्कन्धमात्रविनिर्मुक्तो न सत्त्वोऽस्तीति ते मतम्[1] ।
सत्त्वार्थं च परं[2] खेदमगमस्त्वं महामुने ॥ २ ॥

ཕུང་པོ་ཙམ་ལས་གྲོལ་བ་ཡི།[3] །
སེམས་ཅན་མེད་པར་ཁྱོད་བཞེད་ལ། །
སེམས་ཅན་དོན་ལའང་མཆོག་གཞོལ་བར། །
ཐུབ་པ་ཆེན་པོ་ཁྱོད་ཉིད་ཞུགས།[4] །༢

स्कन्धों से निरपेक्ष (कोई) सत्त्व नहीं है—ऐसा आपका मत है, फिर भी महामुनि, आप प्राणियों के हित के लिए अत्यन्त खिन्नता को प्राप्त हैं।

तेऽपि स्कन्धास्त्वया धीमन् धीमद्भ्यः सम्प्रकाशिताः ।
माया-मरीचि-गन्धर्वनगर-स्वप्नसन्निभाः ॥ ३ ॥

བློ་ལྡན་ཁྱོད་ཀྱི་ཕུང་དེ་ཡང་། །
སྒྱུ་མ་སྨིག་རྒྱུ་དྲི་ཟ་ཡི། །
གྲོང་ཁྱེར་རྨི་ལམ་ཇི་བཞིན་དུ། །
བློ་ལྡན་རྣམས་ལ་རབ་ཏུ་བསྟན། །༣

---

1. ख,ग–तेन तम।
2. क,ख,घ–परिखेद०।
3. ལེགས་སྦྱར་ལྟར་ན་ "ཕུང་པོ་ཙམ་ལས་རྣམ་གྲོལ་བའི།" །ཞེས་གསལ་ཡོད།
4. པེ། གསེར་བྲིས། - བཞུགས།

हे प्रज्ञावान्, आपने उन स्कन्धों को भी बुद्धिमान् लोगों के लिए माया, मरीचि, गन्धर्वनगर और स्वप्न के समान प्रकाशित किया (कहा) है।

हेतुतः सम्भवो येषां तदभावान्न सन्ति ये ।
कथं नाम न ते[1] स्पष्टं प्रतिबिम्बसमा मताः[2] ॥ ४ ॥

གང་དག་རྒྱུ་ལས་བྱུང་བ་རྣམས། །
དེ་མེད་པར་ནི་ཡོད་མིན་པས། །
གཟུགས་བརྙན་ཉིད་དང་མཚུངས་པ་རུ། །
གསལ་བར་ཅི་ཡི་ཕྱིར་མི་འདོད།[3] ། ༤

जिन (धर्मों) का हेतुओं से उत्पाद होता है और उन (हेतुओं) का अभाव होने से जो विद्यमान नहीं होते हैं, वे (धर्म) स्पष्ट रूप से प्रतिबिम्ब के समान कैसे नहीं माने जाते हैं? (अर्थात् मानना चाहिए)।

---

1. क,ख-तत्स्पष्टं।
2. क,ख-गताः (श्लोक-४, नास्ति 'घ' पाठे)।
3. ཚིགས་བཅད་འདི་ཤེར་འབྱུང་བློ་གྲོས་ཀྱི་སྦྱོར་འཇུག་འགྲེལ་པར་བཀྲངས་ཡོད་ཀྱང་ཁྱད་མི་ཆེ། (དབུ་མ་ 'ཡ' ༣༧༩) ཚིགས་བཅད་འདི་ལེགས་སྦྱར་ 'ག' པར་ཚང་མེད། སློབ་དཔོན་ཟླ་བའི་དབུ་མ་ཚིག་གསལ་དུ་ "གང་དང་རྒྱུ་ལས་འབྱུང་འགྱུར་ཞིང་། །གང་དག་དེ་མེད་པས་མེད་པ། །དེ་དག་གཟུགས་བརྙན་དང་མཚུངས་པར། །གསལ་བ་ཇི་ལྟ་བུར་མི་བཞེད།།" ཅེས་གསལ་བས་འགྱུར་ཁྱད་ཆེ། (དབུ་མ། 'འ' ༡༣༥) ཡང་དེ་སློབ་དཔོན་ཆོས་ཀྱི་དབང་པོའི་དེ་ཁོ་ན་ཉིད་ཀྱི་སྙིང་པོ་བསྡུས་པར་ཡང་གསལ་ཡོད། (རྒྱུད། 'ཙུ' ༨༦) ཡང་སློབ་དཔོན་བཻ་རོ་ཙན་རཀྵི་ཏས་མཛད་པའི་སྦྱོར་འཇུག་བཀའ་འགྲེལ་དུ་ "གང་ཞིག་རྒྱུ་རྣམས་ལས་སྐྱེས་པ། །དེ་ཡོད་མིན་ཕྱིར་མེད་པ་སྟེ།། ཇི་བཞིན་དུ་ནི་གསལ་བ་དེ། །གཟུགས་བརྙན་དང་ནི་མཚུངས་པར་འདོད།" །ཅེས་གསལ་ཡོད་པས་འགྱུར་ཁྱད་ཤིན་ཏུ་ཆེ་ཞིང་། འདིར་ཚིགས་བཅད་དེ་ལུང་འདྲེན་མཛད་པའི་ཚེ་ "བསྟོད་པ་བཞི་པ་ལས་" ཞེས་པའི་གསལ་ཁ་འཕོད་མེད་པས་དཔྱད་པར་བྱའོ།། (དབུ་མ། 'ཤ' ༡༥༦)

भूतान्यचक्षुर्ग्राह्याणि तन्मयं चाक्षुषं कथम् ।
रूपं त्वयैवं ब्रुवता रूपग्राहो निवारितः ॥ ५ ॥

འབྱུང་བ་མིག་གིས་གཟུང་[1]མིན་པས། །
དེ་དངོས་མིག་གིས་ཇི་ལྟར་ཡིན། །
གཟུགས་ཉིད་གཟུང་བར་རབ་བཀག་པ། །
གཟུགས་ཉིད་ཁྱོད་ཀྱིས་དེ་ལྟར་གསུངས།[2] །༥

(जब) महाभूत चक्षुष् के द्वारा अग्राह्य हैं, (तब) भूतविकार अर्थात् भौतिक पदार्थ कैसे चाक्षुष (चक्षु के विषय) हो सकते हैं। रूप को इस प्रकार (चक्षु का अविषय) कहते हुए आप (भगवान्) ने रूप (के प्रति अभिनिवेश) का निवारण किया है।

वेदनीयं विना नास्ति वेदनाऽतो निरात्मिका ।[3]
तच्च वेद्यं स्वभावेन नास्तीत्यभिमतं तव ॥ ६ ॥

ཚོར་བྱ་མེད་པར་དེ་མེད་པས། །
ཚོར་བ་ཉིད་ནི་བདག་མེད་པས། །
ཚོར་བ་དེ་ཡང་རང་བཞིན་གྱིས། །
ཡོད་པ་མིན་པར་ཁྱོད་ཉིད་བཞེད། །༦

---

1. སྣ། པེ། གསེར་བྲིས། – མིག་གི་གཟུགས་
2. ཚིགས་བཅད་འདི་དེ་ཁོ་ན་ཉིད་ཀྱི་སྙིང་པོ་བསྡུས་པར་ "འབྱུང་བ་མིག་གིས་གཟུང་བྱ་མིན། །དེ་ལས་བྱུང་མིན་ཇི་ལྟ་བུ། །ཁྱོད་ཀྱིས་དེ་ལྟར་གཟུགས་གསུངས་པ། །གཟུགས་སུ་འཛིན་པ་བཟློག་པར་མཛད།།" ཅེས་གསལ་བས་འགྱུར་ཁྱད་ཆེ། (རྒྱུད་ 'ཙུ' ༨༦)
3. घ-निरात्मक।

वेदनीय (अनुभव के विषय) के विना वेदना नहीं होती। अतः वेदना निरात्मक (निःस्वभाव) है और वह वेद्य (वेदनीय) भी स्वभावतः विद्यमान नहीं है—ऐसा आपका निश्चित मत है।

संज्ञार्थयोरनन्यत्वे मुखं दह्येत[1] वह्निना ।
अन्यत्वेऽधिगमाभावस्त्वयोक्तं[2] भूतवादिना ॥ ७ ॥

མིང་དང་དོན་དག་ཐ་དད་མིན། །
མེ་ཡིས་ཁ་ཉིད་འཚིག་[3]པར་འགྱུར། །
གཞན་ནའང་རྟོགས་པ་[4]མེད་འགྱུར་ཞེས། །
བདེན་པར་གསུངས་པ་ཁྱོད་ཀྱིས་བསྟན། །༧

नाम और अर्थ के अभिन्न होने पर अग्नि का उच्चारण करने से मुख जलने लगेगा तथा (नाम और अर्थ के) भिन्न होने पर (सम्बन्ध नहीं रहने से नाम के द्वारा अर्थ के) बोध का अभाव होगा—ऐसा यथार्थवादी आपके द्वारा कहा गया है।

कर्ता स्वतन्त्रः कर्मापि त्वयोक्तं व्यवहारतः[5] ।
परस्परापेक्षिकी तु सिद्धिस्तेऽभिमतानयोः ॥ ८ ॥

བྱེད་པོ་རང་དབང་ཉིད་ལས་ཀྱང་།[6] །
ཐ་སྙད་དུ་ནི་ཁྱོད་ཀྱིས་བསྟན། །

---

1. घ-दह्यते।
2. क,ख-क्तो।
3. སྡེ། ཅོ། ཆིག
4. བོད་འགྱུར་རྣམས་སུ ‘རྟོག་པ་མེད།’ ཅེས་གསལ་ཡང་ལེགས་སྦྱར་ལྟར་ན་གོང་གསལ་ལྟར་ཡོད།
5. घ-हरितः।
6. སྣ། པེ། གསེར་བྲིས། - ཉིད་ལས་ཉིད།

ཕན་ཚུན་ལྟོས་པ་ཅན་ཉིད་དུ། །
གྲུབ་པར་ཁྱོད་ནི་བཞེད་པ་ལགས། [1] །

(हे भगवन्) आपने स्वतन्त्र कर्ता और कर्म का भी अस्तित्व व्यवहारतः (ही) कहा है। इन (कर्ता और कर्म) दोनों की सिद्धि परस्पराश्रित है—ऐसा आपको इष्ट है।

न कर्ताऽस्ति न भोक्ताऽस्ति पुण्यापुण्यं प्रतीत्यजम् ।
यत् प्रतीत्य न तज्जातं प्रोक्तं वाचस्पते त्वया ॥ ९ ॥

བྱེད་པོ་ཡོད་མིན་སྤྱོད་པོའང་[2]མེད། །
བསོད་ནམས་དེ་མིན་རྟེན་འབྲེལ་སྐྱེས། །
རྟེན་[3]ནས་སྐྱེས་ཀྱང་མ་སྐྱེས་[4]ཞེས། །
ཚིག་གི་བདག་པོ་ཁྱོད་ཀྱིས་གསུངས། [5] །༩

(स्वभावतः) कर्ता नहीं है और भोक्ता (भी) नहीं है। पुण्य और पाप (कर्म) हेतु-प्रत्यय की अपेक्षा से उत्पन्न (प्रतीत्यसमुत्पन्न) हैं। जो हेतु-प्रत्यय की

---

1. ཚིགས་བཅད་འདི་ཤེར་འབྱུང་བློ་གྲོས་ཀྱི་སྟོད་འཇུག་འགྲེལ་པར་ལུང་འདྲེན་མཛད་པ་ལྟར་ན། "བྱེད་པ་རང་དབང་ལས་ཀྱང་ནི། །ཐ་སྙད་དུ་ནི་ཁྱོད་ཀྱིས་གསུངས། །ཕན་ཚུན་བལྟོས་ནས་གྲུབ་པ་ནི། །གཉིས་པོ་དེ་དག་བཞེད་པ་ཡིན།" ཞེས་གསལ་བས་འགྱུར་ཁྱད་ཆེ། (དབུ་མ། 'ལ' ༣༣༥)
2. པེ། གསེར་བྲིས། – པའང་མེད་
3. སྣར། པེ། གསེར་བྲིས། - བརྟེན་ནས་
4. སྣར། – སྐྱེད་ཅེས་
5. ཚིགས་བཅད་འདི་ཤེར་འབྱུང་སྤྱོད་འགྲེལ་དུ། "བྱེད་པོ་མེད་ཅིང་ཟ་བ་མེད། །བསོད་ནམས་ཡོད་མིན་རྒྱུན་འབྱུང་བ། །རྟེན་ནས་འབྱུང་བ་མ་སྐྱེས་ཞེས། །ཚིག་གི་དབང་པོ་ཁྱོད་ཀྱིས་གསུངས།" །ཞེས་གསལ་བས་འགྱུར་ཁྱད་ཆེ། (དབུ་མ། 'ལ' ༣༣༥)

अपेक्षा से उत्पन्न होता है। वह (वस्तुतः) उत्पन्न नहीं होता—ऐसा हे वाक्पति, आपने कहा है।

अज्ञाप्यमानं[1] न ज्ञेयं विज्ञानं तद्विना न च ।
तस्मात् स्वभावतो न स्तो ज्ञानज्ञेये त्वमूचिवान्[2] ॥ १० ॥

ཤེས་པ་མེད་པར་ཤེས་བྱ་[3]མིན། །
དེ་མེད་རྣམ་པར་ཤེས་པའང་མེད། །
དེ་ཕྱིར་ཤེས་དང་ཤེས་བྱ་དག །
རང་དངོས་མེད་ཅེས་ཁྱོད་ཀྱིས་གསུངས། །༡༠

बिना ज्ञापित होते हुए ज्ञेय नहीं होता तथा उस ज्ञेय के बिना विज्ञान भी नहीं होता। इसलिए हे भगवन्, आपने ज्ञान और ज्ञेय दोनों को 'स्वभावतः नहीं है'—ऐसा कहा है।

लक्ष्याल्लक्षणमन्यच्चेत् स्यात्तल्लक्ष्य[4]मलक्षणम् ।
तयोरभावोऽनन्यत्वे[5] विस्पष्टं कथितं त्वया ॥ ११ ॥

མཚན་ཉིད་མཚོན་བྱ་གཞན་ཉིད་ན། [6] །
མཚོན་བྱ་མཚན་ཉིད་མེད་པར་འགྱུར། །

---

1. ग.घ-अज्ञाप्यमानाम्।
2. ग-मान।
3. པེ། གསེར་བྲིས། – ཤེས་པ་མིན།
4. क,ख,ग,घ-लक्षण०।
5. घ-मनात्वे।
6. པེ། གསེར་བྲིས། – ཉིད་ནི།

ཐ་དད་མིན་ནའང་དེ་[1]མེད་པར། |
ཁྱོད་ཀྱིས་གསལ་པོ་ཉིད་དུ་བསྟན། [2] |༡༡

लक्ष्य से लक्षण भिन्न है तो लक्ष्य अलक्षण अर्थात् बिना लक्षण के हो जाएगा। यदि दोनों अभिन्न हैं तो दोनों का अभाव हो जाएगा—ऐसा आपने स्पष्ट रूप से कहा है।

लक्ष्यलक्षणनिर्मुक्तं वागुदाहारवर्जितम् ।
शान्तं जगदिदं दृष्टं भवता ज्ञानचक्षुषा ॥ १२ ॥

མཚན་ཉིད་མཚོན་བྱ་རྣམ་གྲོལ་ཞིང་། |
ཚིག་གིས་བརྗོད་པ་རྣམ་སྤངས་པར། [3] |
ཁྱོད་ཀྱི་ཡེ་ཤེས་སྤྱན་ཉིད་ཀྱིས། |
འགྲོ་བ་འདི་དག་ཞི་བར་མཛད། [4] |༡༢

यह (सम्पूर्ण) जगत् लक्ष्य और लक्षण से विनिर्मुक्त (रहित), वाग्-व्यवहार (अभिधान) से विवर्जित (शब्द का अविषय) और शान्त (प्रपञ्चरहित) है—ऐसा आपके द्वारा ज्ञानचक्षु से देखा गया है।

---

1. སྡེ། ཅོ། – མེད་དེ་པར།
2. ཚིགས་བཅད་འདི་དབུ་མ་ཚིག་གསལ་དུ་ལུང་འདྲེན་མཛད་པ་ལྟར་བྱས་ན། '"མཚན་ཉིད་མཚན་གཞི་ལས་གཞན་ན། །མཚན་གཞི་དེ་མཚན་མེད་པར་འགྱུར། །ཐ་དད་མེད་ན་དེ་དག་ནི།། མེད་པར་ཁྱོད་ཀྱིས་གསལ་བར་བསྟན།" །ཞེས་གསལ་བས་འགྱུར་ཁྱད་ཆེ། (དབུ་མ། 'འ' ༣༣)
3. ཚིགས་བཅད་འདི་སློབ་དཔོན་སེང་བཟང་གི་རྒྱན་སྣང་དུ་གསལ་ཡོད་སྐོར་བཀོད་ཡོད་ཀྱང་ཚིག་ཀྲང་དང་པོ་གཉིས་ལས་ཕྱི་མ་གཉིས་གཏན་མི་འདྲ་སྟེ། དེ་ཉིད་ལས "མཚོན་བྱ་མཚན་ཉིད་རྣམ་སྤངས་ཤིང་། །ཚིག་ཏུ་བརྗོད་པ་དང་བྲལ་ནི། །དེ་ཉིད་མཚོན་བྱ་མཚན་ཉིད་དུ། །གནས་པ་བདགས་པ་ཡིན་པར་རིགས།།" ཞེས་གསལ་བས་ཆེས་མི་འདྲའོ། (ཤེར་ཕྱིན། 'ཆ' ༣༧)
4. ད་ཡོད་ཀྱི་ལེགས་སྦྱར་རྒྱ་དཔེ་ལྟར་ན། 'འགྲོ་བ་འདི་དག་ཞི་བར་གཟིགས།།' ཞེས་གསལ་ཡོད།

न सन्नुत्पद्यते भावो नाप्यसन् सदसन्न च ।
न स्वतो नापि परतो न द्वाभ्यां जायते कथम् ॥ १३ ॥

དངོས་པོ་ཡོད་པ་ཉིད་མི་སྐྱེས། །

མེད་པའང་མ་ཡིན་ཡོད་མེད་མིན། །

བདག་ལས་མ་ཡིན་གཞན་ལས་མིན། །

གཉིས་མིན་སྐྱེ་བ་ཇི་ལྟ་བུ།[1] །༡༣

सत् (विद्यमान) पदार्थ उत्पन्न नहीं होता, न तो असत् (अविद्यमान पदार्थ) और न सदसत् (विद्यमान और अविद्यमान उभयस्वरूप पदार्थ) ही उत्पन्न होता है। पदार्थ (भाव) न तो स्वहेतु (अपने को हेतु बनाकर उस) से, न पर (अन्य हेतुओं) से और न स्वपर (उभय हेतुओं) से उत्पन्न होता है। अतः वह (पदार्थ) कैसे उत्पन्न होता है? (अर्थात् उत्पन्न ही नहीं होता)।

न सतः[2] स्थितियुक्तस्य विनाश उपपद्यते[3] ।
नासतोऽश्वविषाणेन समस्य समता कथम् ॥ १४ ॥

ཡོད་པ་གནས་པར་རིགས་འགྱུར་གྱི། །

འཇིག་པར་འགྱུར་བ་[4]མ་ཡིན་ནོ། །

མེད་པ་མི་གནས་པར་རིགས་པས། །

འཇིག་པར་འགྱུར་བ་མ་ཡིན་ནོ། [5] །༡༤

---

1. ཚིགས་བཅད་འདི་ཤེར་འབྱུང་སྐྱོད་འགྲེལ་དུ་གསལ་ཡོད། དེར་ཚིག་རྐང་ཐ་མ་ "གཉིས་ཀ་ལས་མིན་ཇི་ལྟར་སྐྱེ།" །ཞེས་གསལ་ཡོད། (དབུ་མ། 'ལ' ༣༥༠)
2. ग,घ,–सत्।
3. ग–उपपद्यन्ते।
4. ལེགས་སྦྱར་ལྟར་ན་ 'འཐད་མ་ཡིན་' ཞེས་གསལ།
5. ད་ཡོད་ཀྱི་ལེགས་སྦྱར་གྱི་རྒྱ་དཔེ་ལྟར་ན་ "རྟའི་རྭ་ལྟར་མེད་ན་ནི། །ཀུན་ནས་མཉམ་པ་ཇི་ལྟར་འགྱུར།" །ཞེས་གསལ་ཡོད།

जो (स्वभावत:) सत् (विद्यमान) है, अर्थात् जो स्थिति (-अवस्था) से युक्त है, उसका विनाश युक्तिसंगत नहीं है और जो अश्वविषाण (घोड़े के सींग) की तरह (सर्वथा) असत् (अविद्यमान) है, उसका (भी विनाश अयुक्तिसंगत है, अत:) उन दोनों (सत् और असत्) में समता (एक स्वभावता) कैसे हो सकती है। (अर्थात् कोई पदार्थ सत् और असत् उभयस्वभाव कैसे हो सकता है?)।

भावान्नार्थान्तरो[1] नाशो नाप्यनर्थान्तरो[2] मत: ।
अर्थान्तरे[3] भवेन्नित्यो[4] नाप्यनर्थान्तरे भवेत्[5] ॥ १५ ॥

དངོས་དང་འཇིག་པ་ཐ་དད་མིན། །
ཐ་མི་དད་པའང་བཞིད་མ་ཡིན། །
ཐ་དད་ན་ནི་རྟག་པར་འགྱུར། །
ཐ་མི་དད་ན་མེད་པར་འགྱུར། [6] །༡༥

नाश भाव (वस्तु) से अर्थान्तर (भिन्न) इष्ट नहीं है और न (वस्तु नाश से) अभिन्न ही इष्ट है। (नाश को वस्तु से) भिन्न मानने पर भाव नित्य (अनाशस्वभाव) हो जाएगा तथा (वस्तु को नाश से) अभिन्न मानने पर भाव होगा (रहेगा) ही नहीं। (अर्थात् अभावस्वभाव हो जाएगा)।

एकत्वेन[7] हि भावस्य विनाश उपपद्यते ।
पृथक्त्वे[8]न हि भावस्य विनाश उपपद्यते ॥ १६ ॥

---

1. ग,घ-रां।
2. ग,घ-रं मतम्।
3. घ-तरं।
4. १५ त: २५ पर्यन्तं श्लोका: 'घ'-पाठेन सन्ति।
5. १५-१६ श्लोकयोर्भोटानुवादो नोपलभ्यते।
6. ཚིགས་བཅད་ཡང་ ༡༥ དང་ ༡༦ གཉིས་བོད་འགྱུར་སྣར་མ་རྣམས་སུ་གསལ་མེད་པས་དེ་དག་བོད་སྐད་ཐོག་ཕབ་བསྒྱུར་གནང་སྐབས་ཆད་སྐྱོན་བྱུང་བ་ཞིག་གམ། ཡང་ན་སྐབས་དེར་ལེགས་སྦྱར་གྱི་རྒྱ་དཔེ་མ་ཚང་བ་ཞིག་ཕྱག་ཏུ་སོན་པ་གང་ཡིན་ཞིབ་ཏུ་དཔྱད་པར་བྱའོ།།
7. क,ख-एकत्वे ही न।
8. क,ख-पृथक्केन न।

གཅིག་ཉིད་ཡིན་ཕྱིར་དངོས་རྣམས་ཀྱི། །
འཇིག་པ་འཐད་པར་འགྱུར་བ་ཡིན། །
ཐ་དད་གྱུར་ན་དངོས་པོ་ཡི། །
འཇིག་པ་འཐད་པར་འགྱུར་མ་ཡིན། [1] །༡༦

(भाव और विनाश दोनों का) एकत्व (अभेद) होने पर भाव का विनाश उपपन्न (युक्त) होगा तथा (भाव और विनाश दोनों के) पृथक् (भिन्न) होने पर भाव का विनाश उपपन्न (युक्त) नहीं होगा।

विनष्टात् कारणात् तावत् कार्योत्पत्तिर्न युज्यते ।
न [2]चाविनष्टात् स्वप्नेन तुल्योत्पत्तिर्मता तव ॥ १७॥

རེ་ཞིག་ཞིག་པའི་རྒྱུ་ལས་ཀྱང་། །
འབྲས་བུ་འབྱུང་བར་མི་རིགས་ལ། །
མ་ཞིག་ལས་མིན་རྨི་ལམ་དང་། །
འདྲ་བའི་སྐྱེ་བ་ཁྱོད་ཉིད་བཞེད། །༡༧

विनष्ट कारण से कार्य की उत्पत्ति युक्त नहीं है और न तो अविनष्ट (विद्यमान) कारण से (कार्य की उत्पत्ति ही युक्त है)। इसलिए (हे भगवन्) आपके मतानुसार उत्पत्ति तो स्वप्न (की उत्पत्ति) के समान है।

निरुद्धाद् वाऽनिरुद्धाद् वा बीजादङ्कुरसम्भवः ।
मायोत्पादवदुत्पादः सर्व एव त्वयोच्यते ॥ १८॥

---

1. ཚིགས་བཅད་འདི་ཡང་གོང་སློས་ལྟར་བོད་འགྱུར་སྔར་མ་རྣམས་སུ་གསལ་མེད་པས་ཞིབ་ཏུ་དཔྱད་པར་བྱའོ།།
2. क,ख–न वा० ।

ཞིག་དང་མ་ཞིག་པ་དག་གིས། །
རྒྱུ་ལས་འབྲས་བུ་འབྱུང་བ་དག[1] །
སྒྱུ་མ་འབྱུང་བ་བཞིན་དུ་འབྱུང་། །
ཀུན་ཀྱང་དེ་བཞིན་ཁྱོད་ཀྱིས་གསུངས།[2] །༡༨

(अत:) निरुद्ध (नष्ट) बीज से अथवा अनिरुद्ध (अविनष्ट) बीज से अङ्कुर का उत्पाद होना तो सभी उत्पादों का मायिक उत्पाद होने की भाँति है—ऐसा (भगवन्) आपके द्वारा कहा जाता है।

अतस्त्वया जगदिदं परिकल्पसमुद्भवम् ।
परिज्ञातमसद्भूतमनुत्पन्नं न नश्यति ॥ १९ ॥

དེ་ཕྱིར་ཁྱོད་ཀྱིས་འགྲོ་འདི་དག །
ཡོངས་སུ་བརྟགས་པ་ལས་འབྱུང་བར། །
ཀུན་དུ་ཤེས་བྱ་འབྱུང་བ་ནའང་། །
སྐྱེ་བ་མེད་ཅིང་འགག་མེད་[3]གསུངས། །༡༩

---

1. ལེགས་སྦྱར་ལྟར་ན་ "ཞིག་པའམ་ཡང་ན་མ་ཞིག་པའམ། །ས་བོན་ལས་བྱུང་མྱུ་གུ་དག" ཅེས་བཀོད་དགོས་པར་མངོན་ནོ།།
2. ཚིགས་བཅད་ ༡༨ ནས་ ༣༠ བར་འདི་དག་ལེགས་སྦྱར་སྐད་ཐོག་བཞུགས་པའི་ཤེར་འབྱུང་སྦྱོད་འགྲེལ་ནང་ལུང་འདྲེན་གྱི་ཚུལ་དུ་གསལ་ཡོད་ཀྱང་།། སྦྱོད་འགྲེལ་བོད་འགྱུར་རྣམས་སུ་གསལ་མེད་པས་ཆད་སྐྱོན་བྱུང་བར་མངོན་ནོ། །ལེགས་སྦྱར་སྐད་ཐོག་བཞུགས་པའི་འགྲེལ་པར་ལུང་འདྲེན་མཛད་པའི་ཚེ་ 'བསྟོད་པ་བཞི་པ་ལས་' ཞེས་ཚིག་གིས་དངོས་སུ་ཟིན་ནས་བཀོད་ཡོད་ཀྱང་དེ་ཕྱིས་སུ་བསྣན་པ་ཞིག་མིན་ནམ་སྙམ་པའི་དོགས་གཞི་ཡོད། (ལེའུ་དགུ་པ། ཤོག་གྲངས ༣༦༩)
3. ལེགས་སྦྱར་ལྟར་ན་ 'འཇིག་མེད་' ཞེས་གསལ་ཡོད། ཚིགས་བཅད་འདི་ཡང་སྦྱོད་འགྲེལ་ལེགས་སྦྱར་ཐོག་གསལ་ཡོད་ཀྱང་བོད་འགྱུར་དུ་གསལ་མེད།

इसलिए (हे भगवन्) आपने इस जगत् को विकल्प (कल्पना) से उत्पन्न, असद्भूत (अवास्तविक) एवं (वस्तुतः) अनुत्पन्न (ही) जाना है। (अतः उत्पाद न होने से वह जगत्) नष्ट नहीं होता है। (अर्थात् जगत् का न उत्पाद है और न निरोध होता है)।

नित्यस्य संसृतिर्नास्ति नैवानित्यस्य संसृतिः ।
स्वप्नवत् संसृतिः प्रोक्ता त्वया तत्त्वविदांवर ॥ २० ॥

རྟག་ལ་འཁོར་བ་ཡོད་མ་ཡིན། |
མི་རྟག་པ་ལའང་འཁོར་བ་མེད། |
དེ་ཉིད་རིག་པའི་མཆོག་ཁྱོད་ཀྱིས། |
འཁོར་བ་རྨི་ལམ་འདྲ་བར་གསུངས།[1] |༢༠

नित्य (वस्तु) का संसरण (गतिशीलता) नहीं होता और न तो अनित्य (वस्तु) का संसरण सम्भव है। इसलिए हे तत्त्वद्रष्टाओं में श्रेष्ठ, आपने संसार को स्वप्न के समान कहा है।

स्वयंकृतं परकृतं द्वाभ्यां कृतमहेतुकम् ।
तार्किकैरिष्यते दुःखं त्वया तूक्तं प्रतीत्यजम् ॥ २१ ॥

སྡུག་བསྔལ་རང་གིས་བྱས་པ་དང་། |
གཞན་གྱིས་བྱས་དང་གཉིས་ཀས་བྱས། |
རྒྱུ་མེད་པར་ནི་རྟོག་གེ་འདོད། |
ཁྱོད་ཀྱིས་རྟེན་ནས་འབྱུང་བར་གསུངས།[2] |༢༡

---

1. ཚིགས་བཅད་འདི་ཡང་སྐྱོད་འགྲེལ་ལེགས་སྦྱར་དུ་གསལ་ཡོད་ཀྱང་བོད་འགྱུར་རྣམས་སུ་གསལ་མེད།
2. ཚིགས་བཅད་འདི་སློབ་དཔོན་ཟླ་བའི་ཚིགས་གསལ་དུ་གསལ་ཡང་འགྱུར་ཁྱད་མི་ཆེ། (དབུ་མ་ 'འ' ༡༨,༨༠)

तार्किकों (अन्य दार्शनिकों) द्वारा दुःख स्वयं (अपने से) किया हुआ, पर (अन्य हेतु-प्रत्ययों) से किया हुआ, स्व एवं पर दोनों से किया हुआ या अहेतुक (बिना हेतु के किया हुआ) माना जाता है, किन्तु भगवन्, आपने उसे (दुःख को) प्रतीत्यसमुत्पन्न कहा है।

यः प्रतीत्यसमुत्पादः शून्यता सैव ते मता ।
भावः स्वतन्त्रो नास्तीति सिंहनादस्तवातुलः ॥ २२ ॥

རྟེན་ཅིང་འབྲེལ་བར་གང་འབྱུང་བ། །
དེ་ཉིད་ཁྱོད་ནི་སྟོང་པར་བཞེད། [1] །
དངོས་པོ་རང་དབང་ཡོད་མིན་ཞེས། །
མཉམ་མེད་ཁྱོད་ཀྱི་སེངྒེའི་སྒྲས།[2] །༢༢

(हे भगवन्) आपके मत में जो प्रतीत्यसमुत्पाद है, वही शून्यता है। (कोई भी) पदार्थ (भाव) स्वतन्त्र अर्थात् हेतु-प्रत्ययनिरपेक्ष नहीं है—ऐसा आपका अतुल (असाधारण) सिंहनाद है।

सर्वसङ्कल्पहानाय शून्यतामृतदेशना ।
यस्य तस्यामपि ग्राहस्त्वयाऽसाववसादितः ॥ २३ ॥

ཀུན་རྟོག་ཐམས་ཅད་སྤང་[3]བའི་ཕྱིར། །
སྟོང་ཉིད་བདུད་རྩི་སྟོན་མཛད་ན། །

---

1. ཚིགས་རྐང་འདི་གཉིས་སློབ་དཔོན་སེངྒེ་བཟང་པོའི་རྒྱན་སྣང་དུ་ལུང་འདྲེན་གྱི་ཚུལ་དུ་སྔ་རྗེས་སྡོམ་ཚར་བདུན་བཀོད་པར་མཛད་ཡོད།
2. སྣ། པེ། གསེར་བྲིས། – སེང་གེའི་སྒྲ། (ཚིགས་བཅད་འདི་ཤེར་འབྱུང་གི་སྤྱོད་འགྲེལ་དུ་དྲངས་པ་ལྟར་བྱས་ན་ "གང་ཞིག་རྟེན་ཅིང་འབྲེལ་བར་འབྱུང་། །དེ་ཉིད་ཁྱོད་ཀྱིས་སྟོང་པར་བཞེད། །དངོས་པོ་རང་དབང་ཅན་མེད་ཅེས། །ཁྱོད་ཀྱི་སེངྒེའི་སྒྲ་མཚུངས་མེད།" །ཅེས་གསལ་ཡོད།) (དབུ་མ་ ‘ཙ’ ༣༡༣)
3. སྣ། པེ། གསེར་བྲིས། – སྤངས།

གང་ཞིག་དེ་ལ་ཞེན་གྱུར་པ། །

དེ་ཉིད་ཁྱོད་ཀྱིས་ཤིན་ཏུ་སྨད།[1] །༣༣

सभी संकल्पों (वितर्क-विचार या विकल्प) के प्रहाण के लिए (आपने) शून्यतारूपी अमृत की देशना की है। जिस व्यक्ति को उस (शून्यता) के भी अस्तित्व में अभिनिवेश है, उसको आपने हतोत्साहित किया है।

निरीहा वशिकाः शून्या मायावत् प्रत्ययोद्भवाः ।
सर्वधर्मास्त्वया नाथ निःस्वभावाः प्रकाशिताः ॥ २४॥

བེམ་པོ་གཞན་དབང་སྟོང་པ་ཉིད། །

སྒྱུ་མ་བཞིན་དུ་རྐྱེན་ལས་འབྱུང་། 2 །

མགོན་པོ་ཁྱོད་ཀྱིས་ཆོས་རྣམས་ནི། །

རང་བཞིན་མེད་པ་རབ་ཏུ་བསྟན། 3 །༣༤

---

1. ཚིགས་བཅད་འདི་ཤེར་འབྱུང་སྦྱོད་འགྲེལ་དུ་དྲངས་པ་ལྟར་ན་ "རྣམ་རྟོག་ཐམས་ཅད་སྤང་པའི་ཕྱིར། །སྟོང་ཉིད་བདུད་རྩི་བསྟན་པ་ཡིན། །གང་ཞིག་དེ་རུ་འཛིན་པ་ཡང་།། འདི་ནི་ཁྱོད་ཀྱིས་སྤངས་པ་ལགས།" །ཞེས་གསལ་བས་འགྱུར་ཁྱད་ཆེ། (དབུ་མ་ 'ཡ' ༡༩༡) ཚིགས་བཅད་འདི་དེ་ཁོ་ན་ཉིད་ཀྱི་སྙིང་པོ་བསྡུས་པར་ "ཀུན་རྟོག་ཐམས་ཅད་སྤོང་བའི་ཕྱིར།། སྟོང་ཉིད་བདུད་རྩི་བསྟན་པ་ནི། །གང་ཡིན་དེ་ཡི་འཛིན་པ་ཡང་། །ཁྱོད་ཀྱིས་མེད་པར་མཛད་པ་ཡིན།" །ཞེས་གསལ་བས་ཁྱད་པར་ཆེ། (རྒྱུད་ 'ཙུ' ༥༩) ཡང་དེ་འཇུག་པ་རང་འགྲེལ་དུ་ཡང་གསལ་ཡོད། (དེབ། ༣༠༥)
2 སྡེ་དགེ་སོགས་སུ་ཚིག་རྐང་གཉིས་པ་ 'སྒྱུ་མ་བཞིན་དུ་རྐྱེན་འབྱུང་བར།' །ཞེས་གསལ་ཡང་ཤེར་འབྱུང་སྦྱོད་འགྲེལ་དུ་གོང་གསལ་ལྟར་ཡོད།
3. ཚིག་རྐང་ཐ་མ་གཉིས་བོད་འགྱུར་སྔར་མ་རྣམས་སུ་ "མགོན་པོ་ཁྱོད་ཀྱིས་ཆོས་ཀུན་གྱི། །དངོས་མེད་གོམས་པར་མཛད་པ་ལགས།" །ཞེས་གསལ་ཡང་། ཤེར་འབྱུང་སྦྱོད་འགྲེལ་དུ་དྲངས་པའི་འགྱུར་དེ་ལེགས་སྦྱར་དང་མཐུན་ཆེ་བ་སོགས་ཀྱི་ལེགས་ཆ་ཆེ་བས་དེ་དང་མཐུན་པར་བཀོད་དོ། །འགྲེལ་པ་དེར་ "འདོད་པ་མེད་པ་སྟོང་པ་ཉིད། །སྒྱུ་མ་བཞིན་དུ་རྐྱེན་ལས་འབྱུང་། །མགོན་པོ

हे नाथ, आपने सभी धर्मों को निरीह (तुच्छ) पराधीन, शून्य, माया की भाँति प्रतीत्यसमुत्पन्न एवं निःस्वभाव प्रकाशित किया है।

न त्वयोत्पादितं किञ्चिन्न[1] किञ्चिच्च निरोधितम् ।
यथा पूर्वं तथा पश्चात् तथतां बुद्धवानसि ॥ २५ ॥

ཁྱོད་ཀྱིས་ཅུང་ཞིག་མ་བསྐྱེད་ཅིང་། །
འགའ་ཡང་འགག་པ་མ་མཆིས་ལ། །
སྔོན་གྱི་ཇི་ལྟར་ཕྱིས་དེ་བཞིན། །
དེ་བཞིན་ཉིད་ནི་ཐུགས་སུ་ཆུད། །२५

आपके द्वारा (मतानुसार) न कुछ उत्पादित किया जाता है और न कुछ निरुद्ध किया जाता है। जैसे पूर्व में है, वैसे ही पीछे भी है—ऐसी (अविकार-स्वभाव) तथता को आपने जाना है।

आर्यैर्निषेवितामेना[2]मनागम्य हि भावनाम् ।
ना[3]निमित्तस्य विज्ञानं भवतीह कथञ्चन ॥ २६ ॥

འཕགས་པས་བརྟེན་པ་འདི་ལྟ་བུ། །
དངོས་པོས་རྟོགས་པ་མ་ཡིན་ཞིང་། །

